



# Our Guru
## *Swami Govind Kaul*

Written & Published by: **Somnath Pandit**

Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com



श्री स्वामी गोविन्द कौल जी महाराज

# अनुक्रमणिका


| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रस्तावना | | 1 |
| 2. | On A Spiritual Journey | | 5 |
| 3. | एक परिचय | | 16 |
| 4. | परम-पूज्य कमलावती काचरू | | 26 |
| 5. | परम-पूज्य प्रथ्वीनाथजी पंडित | | 29 |
| 6. | परम पूज्य श्रीमती गौरीश्वरी खुशू। | | 37 |
| 7. | परम पूज्य माता कमला जी रैना | | 41 |
| 8. | घटनाएँ: *1.* | *साधक गनाई* | 46 |
| | *2.* | *भूत प्रेत* | 59 |
| | *3.* | *ममता भरी माता* | 62 |
| | *4.* | *तांगेवाला* | 65 |
| | *5.* | *बादशहे-वक्त* | 71 |
| | *6.* | *बिस्तर ठीक करना* | 78 |
| | *7.* | *पहाडों का हिलना* | 80 |
| | *8.* | *मामा जी का फोडा* | 84 |
| | *9.* | *असाधारण कुत्ता* | 93 |
| | *10.* | *घर में सत्संग* | 97 |
| | *11.* | *उदासीन आश्रम* | 99 |
| | *12.* | *ज्योंती* | 109 |
| | *13.* | *भारती जी* | 115 |
| | *14.* | *डा. बास* | 125 |
| | *15.* | *चमत्कार या करामातें* | 133 |
| | *16.* | उपसंहार | 139 |


Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

## प्रस्तावना

हमारे गुरूदेव श्री स्वामी गोविन्द कौल जी महाराज जिनको हम सब स्वामीजी कहा करते थे, कश्मीर के एक गाँव 'वनपोह', ज़िल्हा अनन्तनाग के रहने वाले थे।

छः फुट लम्बे सुडौल बदन, नूरानी आँखें तथा अपने चेहरे पर सदा हँसी रखने वाले एक विलक्षन आलौकिक संत थे। वे सदा अपने ब्रह्म-स्वरूप में लीन रहते थे।

उनके पिता का नाम पं. आफताब कौल था। माता का नाम श्रीमती विष्णमाली तथा बडे भ्राता का नाम श्री हरीहर कौल था। वे संत कवि थे। उन्होंने कई भजनों की रचना की थी। स्वामीजी के मामा पं. कृष्णजू राज़दान एक उच्च कोटि के संत कवि थे। उनकी रचनायें कश्मीर के हर परिवार में बडी श्रद्धा तथा प्रेम



के साथ पढ़ी जाती हैं।

स्वामीजी महाराज आत्मज्ञान के सूर्य थे। जिनको मालिक ने आँखें दे रखी थीं उन्होंने सत्पद के उस सूर्य को देखा। स्वामीजी ने कई सौ भजनों की रचना की है जो ज्ञान तथा भक्ति रस से भरपूर हैं। उन भजनों में से 174 भजनों की माला का प्रथम संस्करण 'गौविन्द-अमृत' नाम से मुम्बई में पंडित बंधुओं ने 1970 में प्रकाशित किया। इसके बाद जम्मू से महेन्द्र नगर आश्रम सत्संग घर ने परम पूज्य कमलावती काचरू तथा परम-पूज्य पृथ्वीनाथ जी पंडित (प्रभू चरणों में लीन) की सरपरस्ती में बाकी सब भजनों की माला को चार भागों में 'अमृत-सागर' के नाम से 1985 में प्रकाशित किया। स्वामीजी माहाराज ने सावन शुक्लपक्ष चतुर्दशी तदनुसार 12 अगस्त 1973 में महानिर्वान



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

प्राप्त किया।

स्वामीजी के गुरूमहाराज परम संत परम दयाल महर्षि शिवभरतलाल जी थे। महर्षि जी पुरा-कानूनगोयान ज़िल्हा मिर्ज़ापुर (राज बनारस) उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। महर्षि जी ज्ञान के अवतार थे। उन्होंने विभिन्न धर्म-सम्प्रदाय, पंथ, संतमत, राधास्वामी मत, सिख पंथ, इस्लाम, जैन, बुद्ध धर्म आदि तथा गीता, रामायण, माहाभारत, उपनिषद और योग आदि पर तीन हजार से ज़्यादा पुस्तकें उर्दू भाषा में लिखीं। साथ ही कहानियों के रूप में 'मोती' व 'शाही' सिलसिले के अनेकों उपन्यास लिखे जो धार्मिक शिक्षा से भरे हुए हैं। महर्षि जी में यह विशेषता थी कि उन्होंने अपनी लेखनी द्वारा किसी भी धर्म पंथ का खंडन नहीं किया। दुखी जीवों का दुख दूर करके उन्हें सुखी बनाना



महर्षि जी के जीवन का मिशन था।

आगे वर्णित घटनाओं में से पहली आठ घटनायें कश्मीर में घटी हैं। उन में से पहली तीन घटनायें मैं ने परम पूज्य माता कमलावती काचरू की ज़ुबानी सुनी हैं। बाकी सभी घटनायें मुम्बई में घटी हैं, जिन्हें मैं ने व्यक्तिगत रूप से देखा है या गुरू महाराज ने मुझे दिखायीं। सभी घटनायें सर्वथा सत्य हैं।

मैं आशा करता हूँ कि पाठक पूज्य गुरू महाराज के बारे में लिखी इस छोटी सी पुस्तिका को अवश्य पसंद करेंगे तथा अपनायेंगे भी। मैं सब का आभारी रहूँगा तथा अपनी मेहनत को सफल समझूंगा।

सोमनाथ पंडित

गुरूवार 9-9-1999. वसई रोड



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

## On A Spiritual Journey
## Swami Govind Kaul Ji Maharaj

_ **Dr. A. N. Dhar**

Given below are the extracts from a paper read by Dr.A.N.Dhar, retired Head of the Deptt. of English, Kashmir University. Swamiji has been very close to members of the Bombay biradari. To call him the patron saint of Kashmiri Biradari in Bombay may be right in a way, but that would be confining the ocean in a cup. He has been the guiding spiritual light to a large number of Kashmiri Pandits during his life and continues to enlighten them even after leaving his mortal remains.

"A lesser known figure among the Kashniri poets of the present century, but better known as saint, Govind Kaul has not been much written upon. His devotional lyrics or bhajans, numbering 186, appeared in Devnagari script in a single volume entitled **'Govind Amrit'** in 1975, brought out by his disciple, Somnath, with the avowed aim of spreading the Master's spiritual wisdom. The poems are a fine addition to the growing Kashmiri literature



embodying mystical devotion and thought. The discerning reader will have little difficulty in perceiving Govind Joo's grasp of the spiritual truths that are basic to all faiths; his command of self knowledge achieved through sadhana is thorough as his poems reveal. He addresses the Lord in the language and accent of the Indian Bhakti poets, at the same time echoing and drawing upon the vocabulary and the concepts of Vedanta, Kashmiri Shaivism and Sufism. Taken together his poems (or *lilas* as Kashmiri speaking Hindus would refer to them) provide valuable hints on what Hindus understand as *Yoga* and the Muslims as *Irfan*. The vocabulary of Surat Sabda Yoga is very noticeable in many of his poems".

From Govind Joo's collected verse, I have chosen two poems for discussion in this paper. I am taking up first the one entitled ***mot yavun kotye gom*** ("Whither is Fled Darling Youth?"),which is reproduced below in Devnagri transliteration, followed immediately by its English translation (that I have attempted) :

***Whither is fled Darling Youth I did not prize before?***
***Pray, urge him visit me***



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

*For a few days once more;*
*In exchange for love,*
*I would barter away all*
*My body, mind and wealth;*
*The hunter hits the bird,*
*The remaining flock hear only the Stroke;*
*The pain from the fatal thrust,*
*Pray, ask the prey to tell;*
*O, your Darshan alone*
*Will cure me of illness;*
*What value to set on health,*
*Pray, ask the sick man to tell;*

*Govind has been waiting long,*
*Please tell the beloved Friend;*
*Patiently have I been waiting,*
*'Pray, press Him grant a sight;*

It is a short lyric, relatively free from the scared terminology that often marks Govind joo's poems, lending them their distinctive tone. Distinguishably, it employs the vocabulary of earthly love to build up its theme of divine love, which the reader recognizes towards the end. The word "Darshan" in the line 7( of the original poem in Kashmiri), implying sight or vision, has a specific connotation in the context of the poem; theophany or divine manifestation. The intrusion of the poet's name "Govind" in the penultimate line of the poem, a habit with him that parallels the practice of the Bhakti poets(the Indian reader is familiar with), establishes the sacred tone of the poem under discussion. In turn, the tone enables us to perceive the mystical overtones as well.



The speaker's voice in the poem (excluding the last two lines) is typically faminine, expressing the pain, separation brings lovers, and the soul's craving for fulfilment in love. This is a feature common to poems of human and divine love in Kashmiri. The addressee in such is the Beloved, the addressor's male counterpart. Alternatively, or additionally, the persona addresses a female friend, or a plurality of such friends, urging the latter to convey her plaint or message to the beloved. Govind Kaul's poem quite examplifies this - the speaker addresses the plaint to a group of female friends, and later, towards the conclu-



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

sion, directly addresses the Lord Himself ( the masculine name of the poet in the penultimate line inevitably turns the speaker's voice into masculine). Right at the beginning of the poem, the God is referred to as "yavun" (youth), suggesting eternal bloom and loveliness. The diction of the poem is consistently simple and straight-forward; words like "soda"(transaction), "shikar"(prey), "bemar"(sick) and "deedar"(sight of meeting) relate to several areas of human experience. The analogies given serve to highlight the seeker's state of deprivation and his or her longing for reunion with the dear one. The poem gains in emotional intensity through the simple diction used in preference to the conventional. The soul's craving for communion with the Divine is effectively conveyed through familiar analogies drawn from earthly love.

The other Kashmiri poem by Govind Joo, bearing the title na tati mujud na tati fana ("Neither existence nor nonexistence is there") is reproduced below in part in Devnagri script; immediately after follows my English rendering of the crucial part that I have chosen for discussion:



*Neither existence nor non-existence is there,*
*What doth them remain in fine?*
*Dyal nor single doth abide there,*
*Even the Void dissolves;*
*Even the Void dissolves;*
*Here and everywhere,*
*Isn't he Himself there?*
*What doth then remain in fine?*
*Both intellect and mind*
*Cease to be there,*
*The rindas are struck dumb;*
*Tongue-tied and lips sealed,*
*Powerless of speech,*
*What doth then remain in fine?*
*In your Oneness*
*No discontinuity I saw,*
*No tyrace was left*
*Of my sense of shame;*
*The witness, no witness,*
*A marvel;*
*What doth then remain in fine?*
*Neither being nor non-being,*



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

*Perceiving nor non-perceiving,*
*Nor the distinction*
*Of you and I;*
*What doth then remain in fine?*
*No divide I saw*
*Between Him and Me;*
*Realizing the Self,*
*The rinda died into Life;*
*The Attributess*
*knows no sin or virtue,*
*What doth then remain in fine?*
*Dumb -founded for the One,*
*Govind knew no friend or foe,*
*He saw Shiva all in himself,*
*What doth then remain in fine?*

In this poem, we hear the voice of a mature mystic, a **Sadhak** speaking on the authority of his spiritual attainment - realization of the Self. Throughout, the poet uses negative vocabulary and refers to the Ultimate in terms of paradoxes and riddle like expressions, which may confound the lay reader. The poem is "difficult" as Eliot would



have it; precisely for this reason the "qualified" reader must find it enjoyable. It is not unusual to find paradoxes and negative epithets in mystical poems involving the *via negative* theme. Eliot introduced them purposefully in the *Four Quarters*. In the present poem, Govind Kaul is aiming to convey his perception of the transcedental character of the final reality. At the same time, he does not ignore the immanent aspect, and stresses the essential one-ness of Man and God. The profusion of negative terms in the poem the neti-neti of the Upanishads and also echoes the language of Sufi mysticism. Concepts like *"fana"*(annihilation) derived from Sufism, and *"shinya"*(sunya or void) assimilated from the nihilism of the Buddhists, drawn upon the poet, indicate his acquaintance with the varieties of mystical traditions. The word *"rind"* occurs in the poem twice; we owe it to Persian mysticism. It refers to the true lover, a liberated soul, who is not tied to dogmas-qualities which speak of the mystic's accomplishments and excellence in divine love. With its rich associations, the word has been absorbed into the Kashmiri language. Govind Joo has purposefully introduced it into his poem as appropriate to its lofty theme. On the whole, the poem dem-



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

onstrates how the mystic poet deviates from normal language use and employs negations to give us a hint of the spiritual realms that lie beyond language.

The above study has shown that the behaviour of the human psyche towards the Unseen, approached as Love, falls into the same pattern whatever the devotee's cultural and religious background. Man's encounter with the divine may present a variety of details as we move across cultures, but the various accounts given are one in essence. Mysticism, with its universal basis, could play a positive role in promoting peace and harmony in the world, and in bringing about the much desired spiritual regeneration of man, enabling him to gain "recognition" of his essential nature.

☯ ☯ ☯



लछि बदि लटि गछ़ि
रतुॅह-छे'पि च़्य लगुन।
अकि लटि ति लगुॅनस
लायक छुस नुॅ बो।।

ह्यकि कुस चाऽनी
कऽरिथुॅय अस्तुती।
अख ति करुॅनस
कथ ति लायक छुस नुॅ बो।।

वांऽलिन्जे हुँदि
रतय लेखुॅहऽय
छुम न तगुॅनुॅय।
खत ति लायक छुस नुॅ बो।।



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com



स्वामी गोविन्द कौल जी महाराज



# एक परिचय

स्वामीजी महाराज का व्यक्तित्व उस कमल के समान था जो किसी छोटे मोटे सरोवर में जन्म लेकर अपने पूर्ण विकसित सौंदर्य से हमारे सामने प्रकट होता है। जिस किसी को मनुष्यों में पुष्प समान सुन्दर इस पूर्ण-पुरुष को देखने का सुअवसर मिला वह वहीं पर खड़ा का खड़ा उनको निहारता रहा।

स्वामीजी महाराज ने राज-योग कहो, सहज-योग कहो, सुरत-शब्द योग कहो, या राधास्वामी योग कहो, के आधार पर अपने भक्तों तथा उच्च कोटि के जिज्ञासुओं को ज्ञान तथा भक्ति का सच्चा मार्ग दिखाकर उनके जीवन को सफल बनाया।

स्वामीजी महाराज ने अपने भजनों द्वारा



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

मालिक के असली रूप का सही सही वर्णन किया है। स्वामीजी महाराज अपने भक्तों के सामने बहुत कम प्रवचन करते थे, अपितु अपनी दृष्टिपात से, अपने र्स्पष से उनको आध्यात्मिकता की ऊँची से ऊँची अवस्था तक ले जाते थे।

स्वामीजी के पास जो कोई भी आता था, अनायास ही अपनी क्षमता तथा पात्रता के अनुसार उनकी कृपा प्राप्त करता था। स्वामीजी इतने दयालु तथा कृपालु थे कि बिना माँगे अपनी दया तथा कृपा की ऐसी वर्षा करते थे जिसका कोई मोल नहीं था।

स्वामीजी के पास जब कभी मैं जाता था, वे मुझे ज्ञान की बातें इतनी सहज रीति से समझाते थे कि मैं उन सब बातों को आसानी से समझ पाता था। पर जब कभी उन को लगता था कि उन की कुछ बातों को मैं समझने



में असमर्थ हूं तो वे घटना द्वारा मुझे समझाया करते थे। मुझे अब ऐसा लगता है कि मेरी कम आयु तथा भोलापन कभी कभी ज्ञान की गूढ़ बातों को समझने में उस समय असमर्थ था, यह जान कर उन्होंने चमत्कारों से मेरे अन्दर विश्वास, श्रदा और प्रेम की ऐसी गहरी नींव डाल दी जो आज तक हिल नहीं पाई है।

समय समय पर स्वामीजी के श्रीमुख से निकले अनमोल वचनों को, जो कभी कभी संकेतिक भाषा में होते थे, मैं ने लिपिबद्ध करने की कोशिश की है। जितने समय मैं उन के करीब रहा हूं उस दौरान जो जो घटना घटी, या यूं कहें कि उन्होंने मेरे मन के अन्दर उठे कई सवालों का जवाब घटनाओं द्वारा देना उचित समझा हो, मैं ने यहां पर वर्णन करने की कोशिश की है।



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

कई वर्षों से मेरे मन के अन्दर यह तडप रही है कि मैं स्वामीजी के बारे में कुछ लिखूं पर सदा यही प्रश्न उठता था कि क्या लिखूं। संतों की जीवनी एक अल्पमति क्या लिख सकता है। संतों का ताल मेल सदा उस मालिक से होता है। उनके बारे में लिखना सदैव कठिन रहा है।

संतों की कहानी यदि उन की ही ज़ुबानी सुनें, तभी हम समझ सकते हैं। यदि वह स्वयं अपने बारे में न बतायें तो हम मन-बुद्धि के घाट पर विचरने वाले अल्पमति क्या जान सकते हैं? सत्पुरुष हमारी तरह मानव देह रखता है परंतु वह कुछ और भी है। वह मानव के रूप में सदेह ब्रह्म है, स्वयं मालिक है।

कई अवतारों ने हमारे देश भारत में जन्म लिया परन्तु उनके अतिरिक्त कई महापुरुषों



ने, कई संतों ने जन्म लिया जिन्होंने अपने देश में आदर्शों की उन्नति करने, आध्यात्मिकता तथा आत्मसाक्षात्कार की ज्योती को जलाये रखने में काफी भूमिका निभाई।

आध्यात्मिक उन्नति के लिये संतों के पास केवल जिज्ञासू ही जाते हैं। ज्यादातर लोग संसारिक इच्छाओं की पूर्ती के लिये या विपत्तियों के निवारन के हेतु जाते हैं।

स्वामीजी शुरू से इस बात को दृढता के साथ कहते थे कि मांसाहार और आध्यात्मिक जीवन में कोई मेल नहीं है। रूहानी जिन्दगी के लिए सात्विक ही रहना चाहिये। फिर भी उन्होंने कभी भी अपने अनुयाइयों पर ज़ोर ज़बरदस्ती नहीं की। कोई दबाव नहीं डाला। जिसका नतीजा यह हुआ कि उनके पास आने वाले हर व्यक्ति ने अपने आप



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

मांसाहार करना छोड दिया।

स्वामीजी आस पास के माहौल, आस पास के वातावरण से कभी भी प्रभावित नहीं हुए अपितु अपने उज्जवल व्यक्तित्व से आस पास के वातावरण को प्रभावित करते रहे।

स्वामीजी कहा करते थे कि क्या हुआ यदि मनुष्य को सारे के सारे पदार्थ मिल गए और अपने आप को खो दिया। सब कुछ जान लिया पर अपने आप को न जाना। वे अक्सर कहा करते थे कि मालिक को पाना कठिन नहीं है। इन्सान बनना कठिन है। संतों की संगति सदा लाभकारी होती है।

जिस प्रकार फूलों की सुगन्धि से आस पास की सब वस्तुऐं सुगन्धित हो जाती हैं, उसी प्रकार संतों की संगति से आसपास का सारा वातावरण सुगन्धित हो जाता है। संतो की



संगति हमारी आत्मा को धर्म और सत्य का प्रभाव देती है इसलिए संतों की संगति करनी चाहिए ताकि हम उनके मंडल के शांतिदायक प्रभाव को ग्रहण कर सकें।

इस भाव को एक फारसी संत मौलाना रूमी ने बडी ही सुन्दरता के साथ व्यक्त किया है। कहते हैं:-

*गिले खुशबूदार दर हमाम रोज़े।*
*रसीद अज़् दस्त महबूबे बदस्तम।।*
*बदौ गुफतम कि मुशकी या अंबीरी?*
*कि अज़् बूए दिलावेज़े कि मस्तम।।*
*बगुफ्ता मन गिले नाचीज़ बूदम।*
*वलेकिन मुद्दते बा गुल निशस्तम।।*
*जमाले हमनिशीन दरजा असर करद।*
*वगरना मन हमा खाकम के हस्तम।।*



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

अर्थात:-

एक दिन हमाम में बडी ही खुशबूदार मिट्टी हमारे हाथ लगी। पूछा, ऐ मिट्टी तू बड़ी ही खुशबूदार है। तू मुशक है या अंबरी? कहने लगी कि हूँ तो में तुच्छ मिट्टी ही पर कुछ समय मुझे फूलों के साथ रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जिस से में भी खुशबूदार हो गयी। यह है लाभ संगत का।

मौलाना रूमी साहब फरमाते है कि प्रभू ने मुझ से कहा कि मैं उंचाईयों में और नीचाईयों में समा नहीं सकता तथा ज़मीन और आसमान में और अर्श पर भी मेरे समाने लायक कोई जगह नहीं है। मगर हैरानी की बात है कि मैं अपने भक्तों के हृदय में समा जाता हूँ। मुझे ढूंढना चाहते हो तो संतों के पास जाओ।



प्रभू संतों के हृदय में वास करता है। संत इस संसार में परोपकार के लिये आते हैं। उनका जीवन दूसरों के लिये व सारी मानव जाति के लिये होता है। संत बने बनाये आते हैं। उन्हें अपनी जिन्दगी के काम और मिशन का पूरा पूरा एहसास होता है। वे अपना काम पूरा करते हैं और चले जाते है। सच तो यह है कि संतों के जीवन पर कितना भी लिखा जाए, वह अपूर्ण ही रहेगा।

स्वामीजी महाराज ने अपने जीवन काल में ही अपनी शिक्षा को फैलाने के लिये अपने खास भक्तों को तैयार किया था।



[Copyrights](http://iKashmir.org) © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com



श्रीमती कमलावती काचरू, सोमनाथ पंडित (लेखक)



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

*परम पूज्य सतगुरू-स्वरूप कमलावती काचरू*

वे एक सीधी साधी सर्वगुण सम्पन्न उच्च कोटि की संत थीं। उन्होंने अपने जीवन काल में अनेक भक्तों तथा जिज्ञासुओं को भक्ति तथा ज्ञान का सच्चा मार्ग दिखाकर अपने गुरू महाराज की शिक्षा को फैलाने में योग दान दिया।

माता सहनशीलता की सजीव मूर्त्ति थी। मैं ने माता को करीब से देखा है। श्रीनगर में मैं अक्सर उनके पास उनके घर चला जाता था।

एक बार मैं माता के घर गया। उस समय माता खाना खा रही थी। मुझसे कहा आओ एक दो कौर खाने के खा लो। मैं ने कहा सामने वाले कमरे में आप की जेठानी



जी ठीक हमारे सामने बैठी है। मुझे शर्म आती है। माँ बोली अच्छा ठीक है। उस कमरे में माता के बडे लडके की छोटी लडकी जिसका नाम निर्मला है तथा उस समय साल भर की उमर की थी, कमरे में खेल रही थी। अचानक वह बालिका आई और उसने अपने प्यारे - प्यारे तथा नन्हे नन्हे हाथों से कमरे के दरवाज़े के दोनो पट बंद कर दिये। माँ यह देखकर हँसी और मुझ से कहा आओ अब दो तीन कौर खालो। बालिका ने तुम्हारे मन की बात को जान लिया। मैं माँ के पास आया और माँ ने मुझे अपने हाथों से तीन चार कौर खाने के खिलाये। इस प्रकार माँ अपना स्नेह बाँटती थी। कुछ समय बाद बालिका फिर खेलते खेलते आई, और दरवाज़े के दोनों पट खोल दिये।

आरम्भ में संयुक्त परिवार होने के कारण



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

माता को ध्यान में बैठने के लिये समय कम मिलता था। इस कारण घर की तीसरी मंज़िल की दुछत्ती से चूल्हा जलाने की लकडी लाने के बहाने माता दुछत्ती पर कुछ समय ध्यान में बैठा करती थी, और फिर सूखी लकडी ले कर नीचे आती थी। फिर भी डर लगा रहता था कि कोई यह न पूछे कि इतना समय क्यों लगा। पर ऐसी नौबत कभी आई ही नही। माता मुझे स्वामीजी के बारे में बहुत सारी बातें बताया करती थी। तब तक मैं ने स्वामीजी को नहीं देखा था। कुछ समय बाद स्वामीजी श्रीनगर उनके घर आये। माता ने हमें सन्देश भेजा। मैं और हमारी पूज्य माताजी उसी समय उनके घर गये और वहाँ पर पूज्य स्वामीजी के दर्शन किये। इस प्रकार माताजी हमारे परिवार को स्वामीजी से मिलाने का कारण बन गईं। माताजी ने अपने जीवन काल में ही पूर्णता



को प्राप्त किया था।

## परम-पूज्य प्रथ्वीनाथजी पंडित

वे हमारे सबसे बडे भाईसाहब थे। बचपन से ही उनको परमार्थ की ओर लगाव था। श्रीनगर में Eastern Agency में वे Accounts officer थे। उस Agency के मालिक पूज्य नन्दलाल जी रैना, एक उच्च कोटि के महान संत थे। वे भाई साहेब के पहले गुरू थे।

घर में इस बात का किसी को ज्ञान नहीं था कि उन्होंने पूज्य ननदलाल जी से दीक्षा ली है। मैं ने कई बार देखा है कि जब हमारी पूज्य माताजी सुबह के समय भाई साहब को जगाने के लिये उनके कमरे में जाती थी, तो उनको बिस्तर पर बैठे बैठे दीवार के साथ टेक



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com



पूज्य प्रथ्वीनाथ जी पंडित



लगाये सोया हुआ पाती थी। माता को गुस्सा आता था तथा गुस्से के साथ उनको जगाते जगाते कहती थी कि यह कौन सा तरीका तुम्हारे सोने का है। ठीक तरह से क्यों नहीं सोते हो जैसे सब लोग सोते हैं। उनको इस प्रकार बिस्तर पर बैठे बैठे तथा दीवार के साथ टेक लगाये सोते देखकर मुझे भी कई बार हंसी आती थी और इस बारे में उनके साथ मज़ाक करके उनको तंग किया करता था। पर अब मुझे इस बात पर विचार करने से विश्वास हो गया कि भाई साहब सारी रात ध्यान में बैठा करते थे और फिर सुबह होते होते उनकी आँख लग जाती थी। वे अति सरल स्वभाव होने के साथ साथ गंभीर भी थे। माता के गुस्सा करने पर भी उन्होंने अपने दिल की बात ज़ाहिर नहीं होने दी और माता के गुस्से को हँसी में टालते जाते थे। कुछ समय बाद माता



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

को किसी दुसरे के द्वारा इस बात का ज्ञान हुआ तथा माता ने सवेरे सवेरे भाईसाहब को जगाना छोड दिया।

कुछ समय बाद वे पुज्य स्वामीजी से मिले और उनसे दीक्षा लेकर उनके कृपा पात्र बन गये। वे स्वामीजी के अति प्यारे तथा दुलारे थे। वे आजीवन ब्रह्मचारी रहे। वे एक उच्च कोटि के महान संत थे। उन्होंने अपने जीवन काल में ही पूर्णता प्राप्त की थी। वे ज़्यादातर भ्रमन करते रहते थे तथा उन्होंने इस प्रकार अनेक भक्तों तथा जिज्ञासुओं को भक्ति और ज्ञान का सच्चा मार्ग दिखाकर उनके जीवन को सार्थक बनाया और इस प्रकार अपने गुरू महाराज की शिक्षा को योग्यता पूर्वक फैलाने में काफी सफलता प्राप्त की। स्वामीजी माहाराज ने अपने जीवन काल में ही उन्हें अपना उत्तराधिकारी

32

बनाया था। 5 अप्रील 1999 को वे अपने सतस्वरूप में लीन हो गये।

उनके एक भक्त की ओर से उनको श्रद्धाँजलि:-

श्रद्धाँजलि परम पूज्य श्री पृथ्वी नाथ पंडित को

*नाथ पृथ्वी का पंडित पृथ्वी नाथ था*
*गौद में लेटकर पृथ्वी की*
*समाधिस्थ हो गया था।*
*पाँच अप्रेल को माया संसार*
*छोड़ दिया था*
*बेला थी ब्रह्म मुहुर्त की*
*और दिन सोमवार था।*
*पैदा नहीं हुआ था*
*वह तो अवतरित हुआ था*
*आम आदमी नहीं वह तो*
*साधक संत पुरुष था।*

33

Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

संचित और प्रारब्ध कर्मों का
फल उसे मिला था
बैंक में उसने debit nil
और credit ढ़ेर किया था।
जीवन में प्रेम निस्वार्थ
बांटने का काम उसे मिला था।
इसीलिये तो ब्रह्मचर्य को
उसने conserve किया था।
साधना, भक्ति और संयम का
प्रसाद उसे मिला था
स्वामी गोविन्द कौल
फिर फकीर भी उसे मिला था।
मन वचन कर्म से समर्पित हो
संतमत से वह जुड़ा था।
पांचवे पद का सतसंग उसको
फकीर ने स्वयं दिया था।



अन्त समय में जिसने स्वामी जी
विजय को याद किया था।
उसी को बैसाखी पर
श्री विजय नरेश ने श्रद्धांजलि दिया था।
आओ दें श्रद्धांजलि आज
उस महापुरुष को हम
महज़ न फूल चढ़ाकर पर
अपनाकर उसका रास्ता हम।
देखो कैसी सच हो गई
कबीर की वाणी आज
आये थे हम जगत में
जग हंसे हम रोये थे।
ऐसी करनी कर चलो
हम हंसे जग रोये रे।

जवाहर लाल चौधरी



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com



बायें से: पूज्य माता गौरीश्वरी खुशू
पूज्य स्वामीजी, डा: गोपीनाथ खुशू



## *परम पूज्य श्रीमती गौरीश्वरी खुशू।*

माता गौरीश्वरी एक साधन सम्पन्न महान संत हैं। उन्होंने अपने जीवन काल में ही पूर्णता को प्राप्त किया है। उन्होंने अनेक भक्तों को भक्ति तथा ज्ञान का सच्चा मार्ग दिखाकर उनके जीवन को सफल बनाया और इस प्रकार गुरू माहाराज की शिक्षा को आगे बढाने में योग दान दिया।

श्रीनगर में माता गौरीश्वरी प्राय: हारी पर्बत जाया करती थी। एक बार वहाँ पर उन्हें पूज्य स्वामीजी के एक भक्त श्री पुष्करनाथ कोटवाल जी से मुलाकात हुई। बातों ही बातों में श्री कोटवाल जी ने पूज्य स्वामीजी के बारे में माता को बताया। सुनकर माता स्वामीजी से मिलने के लिये बहुत ही उत्सुक रहने लगी।



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

उनके दर्शनों की माता को प्रबल इच्छा हुई और दिन रात इसी विचार में खोई रहती कि किस प्रकार स्वामीजी के दर्शन हों।

कहते हैं कि जिस बात की सच्ची इच्छा व सच्ची तडप मनुष्य के मन में पैदा होती है, प्रकृति-माता उसको पूर्ण करने में स्वयं प्रबन्ध करती है। माता गौरीश्वरी के हृदय में पूज्य स्वामीजी के दर्शनों की प्रबल इच्छा पैदा हुई। वह दिन रात इसी चिंता में रहने लगी। फिर एक दिन पूज्य स्वामीजी अपने गाँव वनपोह से श्रीनगर अपने एक भक्त के पास आगये। माता को संदेश मिला। दूसरे दिन माता हारी पर्वत जाने के बहाने स्वामीजी के दर्शन करने उनके पास पहुँची और उनके दर्शन किये। माता अब कई दिनों तक हारी परबत जाने के बहाने स्वामीजी के दर्शन करने उनके पास जाती रही।



फिर एक दिन पूज्य स्वामीजी से नाम दान लेकर कृत्य कृत्य हो गयी।

कुछ समय बाद डाक्टर खुशु साहब की बदली काज़ीगुन्ड हुई, और इस प्रकार माता का सारा परिवार काज़ीगुन्ड में रहने लगा।

चूँकि खुशू परिवार काज़ीगुन्ड में रहता था और स्वामीजी का गाँव वनपोह वहाँ से ज़्यादा दूर नही था, इस कारण स्वामीजी महाराज खुशू परिवार की विनती पर अक्सर काजीगुन्ड जाया करते थे। इस प्रकार माता गौरीश्वरी ने अपने परिवार सहित गुरूमहाराज की खूब सेवा करके अपना जन्म सफल किया।



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com



पूज्य माता कमलाजी रैना



## *परम पूज्य माता कमला जी रैना*

माता कमला जी, जिनको धनवती भी कहते हैं, एक निडर उच्च कोटि की महान संत हैं। माता कमला जी स्वामीजी के गाँव वनपोह की ही रहने वाली हैं। उनको बचपन से ही परमार्थ की ओर लगाव था। उन्होंने किसी महापुरुष से दीक्षा भी ली थी।

माता कमला जी कभी कभी पूज्य स्वामीजी के दर्शन करने उनके पास उनके घर चली जाती थी। एक दिन पूज्य स्वामीजी ने उनकी साधना के बारे में उनसे पूछा। कमला जी बोली, 'आप तो सब कुछ जानते ही हैं। मेरे कहने की क्या ज़रूरत है'। कमला जी ने स्वामीजी से पूछा, 'क्या एक गुरू से दीक्षा लेने के बाद दूसरे गुरू से दीक्षा ले सकते हैं'? स्वामीजी बोले,



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

'संत सब एक ही होते हैं। आप के गुरू महाराज भी अपने ही हैं'। इतना कहने के बाद स्वामीजी ने कमला जी को अपने पास बुलाया। कमला जी उनके सामने आकर बैठ गई। स्वामीजी ने अपना दाहिना हाथ कमला जी के सर पर रख दिया। उनको शक्तिपात करके उनकी सारी साधना को एक क्षण के अन्दर पूर्ण बना दिया। माता कमला जी एक क्षण में परिपूर्ण बन गई। स्वामीजी ने अपनी दया-मेहर का खज़ाना उनकी झोली में डाल दिया। माता कृत्य कृत्य हो गई।

कमला जी ने कुछ भजनों की रचना भी की है। उन्होंने 90 भजनों की माला को 'ज्ञान प्रकाश' नाम से 1995 में प्रकाशित किया है। सारे भजन ज्ञान तथा भक्ति रस से भरपूर हैं। कमला जी ज़्यादातर भ्रमण ही करती रहती हैं।



उन्होंने कई भक्तों तथा जिज्ञासुओं को ज्ञान तथा भक्ति का सच्चा मार्ग दिखाकर स्वामीजी की शिक्षा को आगे बढ़ाया। कमला जी ने अपने जीवन-काल में ही पूर्णता को प्राप्त किया है। इन सबको मेरे कोटि कोटि प्रणाम।




सामने: पूज्य स्वामीजी, माता भाग्यवान
बायें से: पूज्य प्रथ्वीनाथजी, सोमनाथ, मामाजी, पूज्य निर्मलाजी, बालक मनोहर



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

## सतचित्त आनन्द

सतचित्त आनन्दुॅह गोवेन्दुॅह
निस्पन्दुॅह नमामिहम।
चिदानन्दुॅह सदानन्दुॅह
परामानन्दुॅह नमामिहम।।

दीनुॅहबन्दुॅह दयास्यन्दुॅह
निद्वंन्दुॅह नमामिहम।
सानि ज़ुॅवहु सदाशिवुॅह
गोवेन्दुॅह नमामिहम।।

---

ज़ूलस मंज़ पम्पोश ब्ऽसिथ, ज़्ातस मंज़ सं‌त
निर्लीप छुय 'गोवेन्द', ज़ानि मा सा असंत





पूज्य माता कमलावती काचरू



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

# घटनाऐं

## 1. साधक गनाई

श्री स्वामीजी के गाँव वनपोह में एक कसाई रहता था। उसका नाम साधक गनाई था। उस कसाई ने अपनी जवानी में आस पास के गाँव में चोरियाँ करके अपना तथा अपने परिवार का निर्वाह किया था।

हालाँकि चोरियाँ करनी उसने अब छोड दी थीं, तथा अपनी पिछली ज़िन्दगी को सुधारना चाहता था। पर गाँव वाले उसका साथ नहीं देते थे। सब गाँव वाले उससे डरते थे। इस प्रकार वह अब अलग थलग सा पड गया था।

एक दिन की बात है। वह कसाई, जिसके डर से सारा गाँव काँपता था, स्वामीजी



के पास आया। स्वामीजी उसको इस तरह अचानक अपने सामने देखकर कुछ हैरान हुए। पूछा, 'क्या बात है? मुझ से कुछ काम है'। साधक गनाई बोला, 'आप अच्छी तरह से मेरी पिछली ज़िन्दगी से वाकिफ हैं। मैं अब अपनी अगली ज़िन्दगी को सँवारना चाहता हूँ। मैं इबादत करना चाहता हूँ। आपके पास बहुत सारे लोग आते हैं। आपके पास आने से ज़रूर ही उनका भला होता होगा। मैं भी चाहता हूँ आप मुझे अपना चेला बनायें ताकि मेरी आखरी ज़िन्दगी सुधर सके'। स्वामीजी यह सुनकर हैरान हुए और कहने लगे, 'मुझे बहुत ही खुशी हुई है कि तुम अब भले आदमी बनना चाहते हो। मेरी राय मानो, तुम अपने ही किसी मुसलमान पीर के पास जाओ। वह तुम्हारी सहायता करेगा'। गनाई बोला, 'ठीक है, आपने जो राय दी है मैं उसपर अमल जरूर करूँगा'।



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

यह कहकर गनाई स्वामीजी को सलाम करके अपने घर चला गया।

करीब दो माह बाद गनाई फिर स्वामीजी के पास आया और उनसे विनती की कि मुझे अपना चेला बनाएँ। स्वामीजी बोले, 'मैं ने तुमको पहले ही राय दी थी कि तुम अपने दीन के किसी पीर के पास जाओ और उनसे मदद माँगो'। गनाई कहने लगा, 'यह तो मैं पहले से ही करके आया हूँ। मैं आस पास के कई गाँवों में कई मुसलान पीरों से मिल चुका हूँ, पर कहीं भी मेरी तसल्ली नही हुई। इसलिए मैं फिर आपके कदमों में आया हूँ। आपने जो राय दी थी उसका पालन मैं ने बराबर किया, लेकिन मेरे मन को कहीं पर भी तसल्ली नहीं हुई'।

साधक गनाई अपनी धुन का पक्का था।



कहने लगा, 'मैं अपने घर से यह फैसला करके आया हूँ कि चेला बनूँगा तो केवल आपका। मेरा मन कहता है कि मेरा उद्धार केवल आपके हाथों होगा। इसलिए मैं ने मन में ठान ली है कि जब तक आप मुझे अपना चेला नहीं बनाऐंगे, मैं यहाँ से नहीं हटूँगा'। स्वामीजी अब पसो-पेश में पड गए कि क्या जवाब दूँ। अब इन्कार भी नही कर सकते थे।

उस समय सर्दियों के दिन थे। बरफ-बारी भी हो रही थी। स्वामीजी ने साधक गनाई से कहा, 'अच्छा ठीक है तुमको इसके लिए परीक्षा देनी होगी'। गनाई बोला, 'आप जो भी कहेंगे, मैं करने को तैयार हूँ'। स्वामीजी बोले, 'यह जो हमारे आँगन की दीवार है तुमको इसी दीवार के ऊपर सारी रात नंगे शरीर बैठना होगा। दीवार के ऊपर बरफ है तथा रात को



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

और बरफ गिर सकती है। सारी रात नंगे शरीर बैठना होगा। बोलो तैयार हो क्या? एक बात का ध्यान रहे कि इसमें कोई बेईमानी नहीं होनी चाहिए क्योंकि रात का समय है, कोई देख नहीं सकेगा'। गनाई बोला, 'आप मुझ पर भरोसा रखें। मैं रत्ती भर भी बेईमानी नहीं करूँगा। अगर नेक काम के लिए, शुरू से ही ईमानदार न रहा तो आगे ईमानदारी कैसे कर पाऊंगा'। स्वामीजी बोले, 'ठीक है अब तुम घर जाओ और रात को आओ'। गनाई घर गया और रात को आया। स्वामीजी को आवाज़ दी, ' आप देख लें, मैं पूर्ण नंगा आपके आँगन की दीवार पर बैठा हूँ और सवेरे तक या तब तक बैठा रहूँगा, जब तक आप मुझे उठने को न कहेंगे'। स्वामीजी बोले, 'ठीक है। मैं अब सोता हूँ। कल सवेरे देखते हैं'।



दूसरे दिन सवेरे स्वामीजी ने अपने कमरे की खिडकी खोली तो क्या देखते हैं कि गनाई दीवार के ऊपर अर्धचैतन्य दशा में लेटा हुआ है। उसका सारा शरीर फूल गया है। हिलने तथा बात करने की ताकत बिल्कुल ही नहीं है। स्वामीजी ने तुरन्त घर के एक आदमी को आवाज़ दी और गनाई को ऊपर कमरे में लाने को कहा। वह गनाई को स्वामीजी के कमरे में ले आया। गनाई का सारा शरीर सुन्न पडा था। सारे शरीर का खून जम गया था। स्वामीजी ने अपने हाथों से गनाई के शरीर को साफ किया। उसको स्वयं कपडे पहनाये और लेट जाने को कहा। उन्होंने काँगडी मगँवाई और गनाई के ऊपर एक गरम चादर डाल दी। अपने पास से ही कुछ दवाई निकाल कर गनाई को दी और फिर गरम चाय पीने को दी। चाय पीकर गनाई को उसी कमरे में लेटने को कहा। गनाई लेट



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

गया और सो गया। स्वामीजी स्वयं ध्यान-मग्न हो गए। एक डेढ घँटे के बाद गनाई जाग उठा और ज़ोर ज़ोर से गुरू महाराज को आवाज़ देने लगा, 'हतो गोवेन्दो लगहयो बलायि'। अर्थात: हे गोवेन्द! मैं आप पर बलिहारी! देखो यह कैसा चमत्कार हो गया। मेरे दोनों हाथ, दोनों पैर तथा सारा शरीर पहले जैसा हो गया है। ऐसा लगता है जैसे मैं कभी बरफ पर सारी रात बैठा ही नहीं था। मैं तो समझा था कि अब बिस्तर पर कम से कम तीन चार महीने पडा रहूँगा। पर अब लगता है कि आप के बारे में, मैं ने जो सोचा था वह सही है। स्वामीजी ने पूछा, 'क्या सोचा था'। गनाई बोला, 'आप साधारण आदमी नहीं हो सकते। आप खुदा के रूप हैं। मेरी यह तकलीफ जो दो घंटे के अन्दर ठीक हुई, दो तीन महीनों के अन्दर भी ठीक होने की सम्भावना नहीं थी। हे



गोविन्द! मैं आप पर बलिहारी'। स्वामीजी ने गनाई के लिए और गरम चाय मगँवाई और थोडी और दवाई खाने को दी। गनाई बिल्कुल ठीक हो गया।

स्वामीजी कहने लगे, 'असल में, मैं ने तुमको टालने के लिए यह कठिन परीक्षा ली क्योंकि मैं जानता था कि एक घंटे के अन्दर ही तुम भाग जाओगे। रात भर बरफ पर नंगे शरीर बैठने वाला जी नहीं पायेगा। तुम तो मर भी सकते थे। तुमने मेरे ऊपर इतना भरोसा कैसे किया? तुम तो परीक्षा में खरे उतरे'। गनाई बोला, 'इसका कारण मेरा एक सपना है, जो मैं ने कुछ रोज़ पहले देखा था'। स्वामीजी ने पूछा, 'कैसा सपना'? गनाई बोलने लगा, 'तीन माह पहले मैं सोचने लगा कि जवानी में मैं ने बहुत बुरे कर्म किए हैं। इसी कारण गाँव



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

के लोग मेरे साथ अच्छा व्यवहार नहीं करते हैं। सब मुझ से दूर भागते है। मेरे मन में अपने ही लिए नफरत पैदा हो गई। मन में सोचा कि अपनी ज़िन्दगी के पिछले कर्मों को कैसे धोऊं। इसलिए मैं आपके पास आया था और आपने मुझे मुसलमान पीर के पास जाने की सलाह दी थी। मैं आस पास के गाँवों में रहने वाले कई पीरों के पास चला गया। उनसे बातें की, पर किसी से मेरी तसल्ली नहीं हुई। आखिर थक कर मैं वापस लौट आया। एक रात बहुत ही दुखी होकर अपने खुदा से रो रो कर प्रार्थना करने लगा। मैं ने सुना था कि सच्चे दिल से की गई प्रार्थना ज़रूर कबूल होती है। ऐसे रोते रोते मेरी आँख लग गई, तो क्या देखता हूँ कि मैं एक खुले मैदान में अकेले बैठा हूँ। चारों तरफ अंधेरा ही अंधेरा है। कुछ समय बाद चारों ओर उझाला फैल गया। मेरी आँखें



चकाचौंद हो गई। मैं हैरान होकर आकाश की ओर देखकर सोचने लगा, 'या अल्लाह यह क्या माजरा है। रात को यह आसमान के ऊपर सूरज कहां से आया। इतने में क्या देखता हूँ कि आप नूरानी सूरत में आसमान के बीचों बीच खडे हैं। सूरज, चाँद, सितारे आपके चारों ओर गोलाकार रीति से घूम रहे हैं। आप मेरी तरफ देख कर मुस्कुरा रहे है। मैं उठ खडा हुआ और आपको झुक कर सलाम किया। इतने में ही घर के अन्दर दूसरे कमरे से किसी ने जोर से आवाज़ देकर मुझे बुलाया और मैं जाग पडा।

सारा दिन इसी सपने में, मैं खोया रहा तथा सोचेने लगा कि क्या करूँ। आखिर मन ने गवाही दी कि यह सपना खुदा की तरफ से साफ इशारा है कि मेरा उद्धार केवल आपके ही



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

ज़रिये होगा। यही कारण है कि मुझे आपके ऊपर पूरा भरोसा हो गया था और आपकी शर्त भी मान ली थी। हालाँकि मैं यह अच्छी तरह जानता था कि रात भर बरफ पर बैठने से कोई भी आदमी अधमरा हो जायेगा और चार पाँच महीने बिस्तर पकडेगा। सपना देखने के बाद मुझे पूरा यकीन हो गया था कि आप साधारण आदमी नहीं हैं। मैं कठिन से कठिन काम करने को तैयार हो गया। अब मैं जैसा भी हूँ, भला हूँ या बुरा हूँ आपके कदमों में पडा हूँ। मुझे अपना लीजिऐ'।

स्वामीजी गदगद हो गए। उन्होंने गनाई को सीने से लगाया, प्यार किया, आर्शीवाद दिया और अपना चेला बना लिया। उन्होंने कहा, 'आज से तुम हमारे और हम तुम्हारे हो गए'।



कहते हैं कुछ समय बाद गनाई ने साधना की ऊंची से ऊंची अवस्था को प्राप्त किया। वे स्वामीजी के प्यारे तथा दुलारे बन गए।

स्वामीजी महाराज ने अपने एक भजन में गनाई को संबोधित कर के कहा है:-

*हतो साधक गनाऽईयो बोज़*
*सु असरारुँय वनाऽहयो बोज़*
*मनाऽहयो छुय यि फितनय साज़*
*बुलन्द परवाज़ गोवेंन्दो।*

अर्थात: ऐ साधक गनाई! ऊंचाइयों पर उडने वाला 'गोवेन्द' तुम्हें एक राज़ की बात बताता है कि सारे फसादों की जड यह तुम्हारा मन है।



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com



बायें से: सोमनाथ, मामाजी, पूज्य स्वामीजी, पूज्य प्रथ्वीनाथजी, एक मित्र

मुम्बई सागर में नहाते समय



## 2. भूत प्रेत

श्री स्वामीजी महाराज एक समय अपने गाँव वनपोह से श्रीनगर अपने एक भक्त के पास आए थे। उस मुहल्ले में रहने वाले कई सज्जन स्वामीजी के पास आते थे तथा उन की संगत से लाभ उठा कर अपना जन्म सफल करते थे।

एक रोज़ एक सज्जन स्वामीजी के दर्शन करने उनके पास आये। उस ने भूत-प्रेतों को वश में करने का मंत्र सिद्ध किया था। वहां पर बैठे एक सज्जन ने उनसे कहा, 'क्या आप मेरे घर से मेरा कोट मंगवा सकते हो'। उसके यह कहे हुए दो मिनट भी न हुए थे कि उस सज्जन का कोट उसके सामने आगया। वहां बैठे सब लोग हैरान हुए।

अब स्वामीजी ने उस सज्जन से कहा,



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

'क्या आप मेरे गाँव वनपोह से, मेरे कमरे के अन्दर से मेरा कलम और दवात लाकर दे सकते हो'। वहां बैठे सब लोग बडी बे-सबरी के साथ इन्तिज़ार करने लगे। पर कुछ समय के बाद उस आदमी की हालत ऐसी हो गई जैसे कोई उसे ज़ोर ज़ोर से मार रहा हो तथा उस का गला दबा रहा हो। उस की आंखें लाल हो गई। वह ज़ोर ज़ोर से चिल्लाने लगा। हाथ जोड कर किसी से माफी मांगने लगा। पांच मिनट के बाद वह ज़मीन पर लेट गया। उस को पानी पिलाया गया। कुछ समय बाद जब वह सम्भल गया तो स्वामीजी ने पूछा, 'क्या बात है? तुम तो मेरा कलम दवात लाने वाले थे'। वह आदमी हाथ जोड कर रोते रोते स्वामीजी से कहने लगा, 'जिस भूत को मैं ने आप के घर वनपोह भेजा था वह आकर कहने लगा कि उसको वंहा क्यों भेजा था। क्या तुम



को मालूम नहीं कि जहां संत रहते हैं उनके घर के अन्दर जाने की बात तो दूर की रही, हम उस गाँव में भी नहीं जा सकते हैं। गुरू महाराज, आपकी वजह से उसने मुझे छोड दिया नहीं तो वह मुझे मार ही डालता। क्योंकि आपने उसको यहां आने की इजाज़त दी थी, ऐसा उसने मुझे कहा। गुरू महाराज मुझे क्षमा करना'। स्वामीजी ने उस सज्जन को फिर समझाया और हिदायत की कि अब आगे से वह यह काम छोड दे, नहीं तो अन्तिम समय में बहुत परेशान करेंगे, शान्ति से मरने नहीं देंगे। उस सज्जन ने उसी समय स्वामीजी के चरण पकडे और कसम खाई कि उस दिन के बाद वह यह काम कभी नहीं करेगा।

यह बात सर्वथा सत्य सिद्ध हुई है कि संतों तथा महापुरुषों के पास जाने से संसारिक



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

जीवों का सदा भला ही होता रहा है।

◉ ◉ ◉

## 3. ममता भरी माता

श्री स्वामीजी की माता सात्विक गुणों से भरी, अपने नित्य नियम पर दृढ़ता से आरूढ़ रहने वाली एक ममता भरी स्नेहमयी माता थी।

स्वामीजी अपनी माता की खूब सेवा करते थे। वृद्ध अवस्था में वे उनको अपने हाथों से नहलाते थे, उनके बाल संवारते थे तथा उन का हर काम करते थे और उनको किसी भी प्रकार की तकलीफ नहीं होने देते थे। करीब तेरह साल तक उन्होंने अपनी माता की अनथक सेवा की। उनकी माताजी ब्रह्म-महूर्त में उठती थी और बाहर नदी से स्नान करके



आती थी और ध्यान में बैठा करती थी।

एक रोज़ जब उनकी माता नदी से स्नान करके आई और अपने कमरे में ध्यान में बैठी ही थी कि उन के ऊपर वाले कमरे से स्वामीजी ने खिडकी से अपने हाथ धोए, जिस से पानी की कुछ छींटें पूजा वाले कमरे में आकर माता के चेहरे पर पड गई। माता फिर नदी में स्नान करने गई और स्नान करके अपने कमरे में आकर ध्यान में बैठने को हुई कि उनको आवाज़ आई, 'ऐ माता! जिस को आप अपना बेटा समझ रही हो, वह कोई साधारण आदमी नहीं है। आप अपने आप को धन्य समझो जो इस ने आप की कोख से जन्म लिया है।

माता उसी समय बिना ध्यान किए उठी। ऊपर बेटे के कमरे में गई, उनके माथे को



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

चूमने लगी तथा उन की बलाईयां लेने लगी। स्वामीजी कुछ हैरान सा चेहरा बना कर माता से पूछने लगे, 'क्या बात है मां? आज हमारे ऊपर इतना प्यार क्यों बरसा रही हो'। माता अपनी आंखों में आँसू भर कर बोली, 'तुम मुझ से ही छल कर रहे थे, अपनी माता से। जिसने तुम को जन्म दिया, उसी से छुपा रहे थे। मुझे सब कुछ मालूम हुआ है'। स्वामीजी ने हंसते हंसते पूछा, 'क्या मालूम हुआ है, क्या छुपाया है मैं ने तुम से'। माता ने सब माजरा सुनाया। सुन के स्वामीजी ज़ोर ज़ोर से हंसने लगे। उन्होंने माता से कहा, 'माँ तुम ने ज़रूर कोई सपना देखा है। सच तो यह है कि तुम मेरी माँ हो और मैं तुम्हारा बेटा। यही हकीकत है और अन्त समय तक मैं तुम्हारी सेवा करता रहूंगा। उस सपने को भूल जाओ और मुझे अपनी सेवा करने दो। कुछ समय



बाद उनकी माता उस बात को भूल गई और पहले की तरह अपनी पूजा करने लगी।

☯ ☯ ☯

## 4. तांगेवाला

मैं अपने गुरू महाराज श्री स्वामीजी के पास उनके दर्शन करने उनके गाँव वनपोह अकसर जाया करता था।

एक समय मैं उनके दर्शनों उनके पास गया। वहां पहुंचते ही उनको प्रणाम करके उनके सामने बैठ गया। उन्होंने मुझे गले से लगा लिया। बैठने के बाद कहने लगे कि रात को यहां पर ठहरोगे या वापस श्रीनगर जाओगे। मैं ने कहा कि मुझे कल अनन्तनाग से सवेरे की बस से श्रीनगर जाना है। शाम को मैं यहां से



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

अनन्तनाग जाऊंगा और रात भर वहां ठहर कर सवेरे की बस से श्रीनगर जाऊंगा। स्वामीजी बोले ठीक है, दिन भर का साथ रहेगा। सतसंग करेंगे। मैं दिन भर उनके साथ रह कर उनकी प्रेम भरी अनमोल बातों का लाभ उठाता रहा।

करीब पाँच बजे शाम को मैं उनसे विदा लेने के लिए उठा। कहने लगे, 'कैसे जाओगे? इस समय तो अनन्तनाग के लिए कोई सवारी नहीं मिलेगी'। मैं ने कहा, 'तीन चार मील का फासला ही तो है। एक घंटे में वहां पहुंच जाऊंगा'। तीन चार मिनट तक अपनी आंखें उन्होंने मूंद ली। फिर बोले, 'चलो सडक तक मैं भी तुम्हारे साथ चलता हूं। देखते हैं मालिक क्या करता है'। हम दोनों सडक पर पहुंचे। देखा कोई तांगा नहीं है। पांच दस मिनट रुकने



के बाद मैं ने कहा कि मैं अब पैदल ही जाता हूं नहीं तो अंधेरा हो जायेगा। स्वामीजी बोले, 'थोडी देर और रुक जाओ, मालिक निराश नहीं करेगा'। थोडे ही समय के बाद दूर से एक तांगा आता दिखाई दिया। ताँगा पास आया। हमारे सामने रुका। ताँगेवाले ने झुक कर स्वामीजी को सलाम किया। स्वामीजी ने पूछा, 'कहाँ जा रहे हो'। ताँगेवाला बोला, 'अपने घर अनन्तनाग जा रहा हूँ'। स्वामीजी हम से बोले, 'जाओ बैठ जाओ, अब आराम से पहुँच जाओगे'। ताँगेवाले को भी उन्होंने हिदायत दी कि मेहमान को ठांक तरह से पहुँचाना। मैं ने स्वामीजी के पैर छूकर उनसे विदा ली और मन ही मन में कहा कि आखिर आपने मेरी सवारी का इन्तिज़ाम कर ही दिया। मैं प्रसन्न चित्त होकर ताँगे पर बैठ गया और स्वामीजी अपने घर की ओर चल दिए।



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

रास्ते में चलते चलते ताँगेवाले से मैंने पूछा कि आप कहाँ गये थे? ताँगेवाला बोला, 'पास के गाँव में मेरा एक मित्र रहता है, उसी के घर गया था। वहाँ पर उसके घर रात भर रहने का विचार था, बल्कि मैंने तो मित्र को कहा भी था कि मैं आज रात भर के लिए तुम्हारे पास आया हूँ। मैंने अपना तांगा भी खोल कर रखा। मेरा मित्र बहुत ही खुश हुआ। हम दोनों आपस में सुख दुख की बातें करने लगे। थोडी देर के बाद मेरा मित्र बोला, मैं चाय बनाकर लाता हूँ तब तक तुम आराम करो। हमारा मित्र चाय बनाने गया। इतने में मेरे अन्दर उथल पुथल सी मचने लगी। मैं सोचने लगा कि मैं यहाँ रात भर क्यों ठहरूँगा। मुझे घर जाना चाहिए। मैं उठा और अपने ताँगे को ठीक किया तथा अपने मित्र को आवाज़ दी कि मैं घर जा रहा हूँ। मेरा मित्र



पहले समझा कि मैं मज़ाक कर रहा हूँ। पर जब उस ने देखा कि मैं सचमुच घर जाने के लिए तयार हूं तो बहुत निराश हो कर बोला, 'आज तुम को क्या हो गया है। तुम तो खुद रात भर रहने के लिए आये थे'। मैं ने कहा, 'मैं खुद हैरान हूँ। मेरा मन बार बार घर जाने के लिए कह रहा है। इस तरह मैं अने मित्र को नाराज़ करके वहाँ से चला आया।'

मैं ने कहा, 'अगर आप नहीं आते तो मुझे अनन्तनाग तक पैदल ही जाना पडता जो हमारे गुरू महाराज को पसन्द नही था'। ताँगेवाला बोला 'जरूर ऐसी ही कोई बात है। आपके गुरू महाराज कोई साधारण आदमी नहीं हैं। मैं उनको जानता हूँ। अब मैं समझ गया कि मेरे मन के अन्दर किस ने उथल पुथल मचाई थी। लेकिन मुझे इस बात की खुशी है



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

कि मैं इनके किसी काम आ सका। इसमें ज़रूर मेरा कुछ भला होगा'। मैं ने मन ही मन गुरू महाराज को प्रणाम कया तथा समझ गया कि स्वामीजी की प्रेरणा से ही यह सब हुआ है।

ताँगेवाले ने मुझे आराम के साथ मित्र के घर के दरवाज़े तक पहुँचाया। उस ने मुझ से एक पैसा भी नहीं लिया और यह वादा करके गया कि सवेरे वह मुझे बस के अड्डे पर छोड देगा। अपने वादे के अनुसार ताँगेवाला सवेरे आया और मुझे बस अड्डे पर छोड आया। मैं ने उसको कुछ रुपये देने चाहे पर उसने मना किया और सलाम करके चला गया।

ऐसे थे हमारे स्वामीजी जो अपने प्यारों की थोडी सी तकलीफ भी सहन नहीं करते थे। भूल नहीं पाते हैं हम उनके उस निस्वार्थ प्यार को।



## 5. बादशहे-वक्त

श्रीनगर में एक सज्जन के घर सतसंग था। सौभाग्यवश मैं भी अपने एक मित्र के साथ वहाँ गया था। सतसंग पूरा होने के बाद कुछ सज्जन चले गए पर तीन चार रुके रहे। उनमें से एक सज्जन ने कहा कि आपमें से कोई यह बता सकता है कि हमारे स्वामीजी अपनी पगडी में माथे के उपर तुर्रा जैसा क्यों रखते हैं। अर्थात अपनी पगडी बांधने के बाद उसके आखरी हिस्से को माथे के पास ऊपर डठा कर रखते हैं। कोई इस का कारण जानता है? वहाँ बैठे सब लोगों ने कहा हम तो कुछ नहीं जानते, आप यदि जानते हैं तो बताऐं। उस सज्जन ने बताया कि इस समय हमारे स्वामीजी मालिके-कुल की ओर से समय के राजा हैं अर्थात बादशाहे-वक्त हैं। पगडी का माथे के



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

उपर उठा हुआ सिरा ताज की निशानी है। वहाँ बैठे लोग आश्चर्यचकित थे। मैं भी वहाँ बैठा उनकी सब बातें सुन रहा था तथा मन में यह निश्चय किया कि अगली बार जब मैं स्वामीजी के दर्शनों उनके पास जाऊंगा तो इसके बारे में उनसे बात ज़रूर करूँगा।

अगली बार जब मैं स्वामीजी के पास चला गया तो मन में ठान लिया था कि उस बात के बारे में ज़रूर पूछूँगा। पर उनके सामने पूछने की हिम्मत ही नहीं हुई। इस प्रकार कई बार उनके पास जाते समय घर से पक्का इरादा करने पर भी मैं उनसे यह बात पूछने की हिम्मत न कर पाया' हालाँकि स्वामीजी बार बार पूछते जाते थे, 'कुछ पूछना है तो पूछो। घर से निकलते समय हज़ारों बातें हमसे पूछने के लिए सोचते हो पर यहाँ पर चुप करके रह



जाते हो।' यह बात सही है। उनके सामने हमारी ज़बान जैसे बन्द हो जाती थी। उनके कई बार पूछने पर भी हम हिम्मत नहीं जुटा पाये।

अगली बार जब मैं उनके दर्शनों के लिए वनपोह गया, तो यह पक्का निश्चय किया कि चाहे कुछ भी हो, पूछकर ही रहूँगा। इस बार मैं उनके पास दो तीन दिन रहने के लिए आया था। खाना खाकर इधर उधर की बातें करने के बाद मैं अपने आपको तैयार कर ही रहा था कि स्वामीजी बोले, 'आज कुछ गरमी लग रही है। चलो बाहर खेतों के पास सडक के उस पार छाओं में थोडी देर बैठेंगे'। मैं ने कहा 'बहुत अच्छा'। मैं एक चादर और तकिया साथ लेता हूं'। थोडी ही देर में हम दोनों खेतों के पास पहुंचे। मैं ने चादर घास के ऊपर बिछाई



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

और स्वामीजी उस पर लेट गए। मैं उन के चरण दबाने लगा तथा साथ में मन की बात पूछने के लिए अपने आप को तयार करने लगा। इतने में मैं क्या देखता हूँ कि दूर सडक पर एक बीस पच्चीस साल का जवान हमारी ही ओर आ रहा है। पर उसके चलने की रफ्तार से ऐसा लगता था जैसे वह कई दिनों से बीमार हो या जैसे उसने कई दिनों से खाना न खाया हो। वह एक कदम चलता था तो पाँच मिनट रुकता था। उसे इस प्रकार धीरे धीरे चलते देखकर मैं उसकी ओर हैरानी से देखता रहा। ऐसा करते करते पाँच मिनट के रास्ते को उसने करीब बीस मिनट में तय किया। मेरी हैरानी तब और बडी जब मैं ने देखा कि उस जवान ने सडक पार करके हमारी ओर रुख किया। मैं ने स्वामीजी को इसके बारे में बताया। वे बोले, 'परेशान मत हो, कोई ज़रूरतमंद



होगा, आने दो'। इतने में उसने नदी पार की और स्वामीजी के पैरों में झुक कर सलाम करके खडा हो गया। तब तक स्वामीजी उठ कर बैठ चुके थे। स्वामीजी ने पूछा, 'कहाँ से आये हो, क्या चाहते हो'? उस जवान ने जेब से एक कागज़ का पन्ना और पेन निकाल कर स्वामीजी की ओर बढाया और विनती करके कहने लगा कि इस कागज़ पर आप अपने हस्ताक्षर करें। स्वामीजी ने कलम हाथ में ली और उस कागज़ पर अपने हस्ताक्षर करके उसके हाथ में दे दिया।

उस कागज़ के उस जवान के हाथ में आने की देर थी कि वह जवान बिजली की फुर्ती से नदी पार करके सडक पर जा पहुँचा। हम दोनों हैरान थे। स्वामीजी ने मुझ से कहा कि उस आदमी को जल्दी से वापस बुलाओ।



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

तब तक वह ज़्यादा दूर नहीं गया था। मेरे बुलाने पर वह वापस आया और सामने खडा हो गया। स्वामीजी ने मुझ से कहा, 'मैं अपना चश्मा साथ नहीं लाया हूँ। देखो इस कागज़ पर क्या लिखा है। मैंने उस के पन्ने को अपने हाथ में ले लिया। उसमें उर्दू भाषा में लिखा था 'ब-हुकमि सुल्तानी, इस जवान को सरहद के उस पार जाने की इजाज़त दी जाती है'। मैं ने पढकर स्वामीजी को सुनाया। स्वामीजी ने उस जवान से पूछा, 'क्या बात है'? वह जवान हाथ जोड कर स्वामीजी से विनती करने लगा, 'मुझे सरहद के उस पार जाना ज़रूरी है। कुछ ज़रूरी काम है। आपकी आज्ञा के बिना मैं वहां जा नहीं पाऊंगा, इसलिए यह परवाना आप के हस्ताक्षर के लिए लाया हूं'। इतना सुनकर स्वामी जी ने उस जवान को जाने के लिए कहा और वह चला गया।



जवान के चले जाने के बाद मैं कुछ समय तक हैरान सा रह गया। पर कुछ देर बाद मुझे याद आया कि जो बात मैं कई दिनों से स्वामीजी से पूछने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था, उस बात का जवाब मुझे स्वामीजी ने इस घटना द्वारा दे दिया। मैं गदगद हो गया। मेरी पूरी तसल्ली हो गई। मैं ने स्वामीजी की ओर देखा तो वे मुस्कराते हुए कहने लगे, चलो अब घर चलते हैं।

संतों की बात संत ही जानें। किस तरह से तथा कब वे हमारे मन में उठी शंकाओं का समाधान करते हैं, कोई नहीं जान पाया है। उनके समझाने के तरीके कुछ निराले ही होते हैं। मेरा मन बार बार उनके चरणों को चूमने लगा।



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

## 6. बिस्तर ठीक करना

अपने नियम के अनुसार मैं स्वामीजी के दर्शनों उनके गाँव वनपोह चला गया। सारा दिन उनके साथ परम-आनन्द से गुज़रा। शाम को खाना खाने के बाद जब सोने का समय आया तो स्वामीजी की सेविका श्रीमती ज़ुपर-द्यदी ने हम से कहा कि स्वामीजी अपने कमरे में किसी को सोने नहीं देते हैं। मैं आपका बिस्तर बगल वाले कमरे में लगाती हूँ। मैं ने कहा ठीक है। मैं उसी कमरे में सो जाता हूँ। पर स्वामीजी यह सुन कर उनसे बोले कि सोमनाथ सामने वाली उस चारपाई पर इसी कमरे में सोयेगा। उसी चारपाई पर उसका बिस्तर लगा दो। वह उस चारपाई पर बिस्तर लगा कर चली गई। कुछ समय बाद स्वामीजी बोले, 'नीचे जाकर पेशाब करके आओ अब सोने का समय हो



गया है'। मैं नीचे उतरा तथा बाहर जाकर पेशाब करके, हाथ मुंह धोकर ऊपर आ रहा था कि कमरे के दरवाज़े पर पहुँचकर मैं ने देखा, स्वामीजी मेरे बिस्तर की चादर को खुद अपने हाथों से ठीक कर रहे थे। यह देखकर मेरे पूरे शरीर के अन्दर बिजली की करँट सी दौड गई और मैं वहीं पर गढ़ सा गया। मेरी आँखों में आसूँ आगए। कितना स्नेह था उनको अपने भक्तों का। उन्हें अपने प्यारों के आराम की कितनी चिन्ता रहती थी।

जब कभी मैं उस दृष्य को याद करता हूँ तो सारा शरीर रोमाँचित हो उठता हैं। प्रेम-पुलकित हो जाता हूँ और सामने आती है उनकी प्रेम-भरी स्नेहमयी वह मूरत, जिसको हम कभी नहीं भूल सकते।



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

## 7. पहाडों का हिलना

अपने नियम अनुसार मैं स्वामीजी के दर्शनों उनकें गाँव, वनपोह चला गया। वहाँ पर मुझे मालूम हुआ कि स्वामीजी काज़ीगुन्ड चले गए हैं। काज़ीगुन्ड में डा. गोपीनाथ खुशू का परिवार रहता था। स्वामीजी का कुछ परिवारों के साथ खास प्रेम था जिनमें से खुशू परिवार भी है। खुशू परिवार स्वामीजी को अक्सर अपने घर ले जाते थे तथा उनकी सेवा करके अपने आप को धन्य समझते थे। डा. साहेब की धर्मपत्नी श्रीमती गौरीश्वरी गुरू महाराज की खास शिष्यों में से हैं। वह महान तथा उच्चकोटि की साधन सम्पन साधिका हैं। स्वामीजी का सारा शिष्य वर्ग बडी श्रद्धा तथा प्रेम के साथ उनका सम्मान करता है।

मैं वनपोह में बिना रुके सीधे काज़ीगुन्ड



के लिए रवाना हुआ। वहाँ पहुँचकर स्वामीजी को प्रणाम करके उनके सामने बैठ गया। स्वामीजी ने घर का हाल चाल पूछने के बाद हमसे कहा, 'जाओ अब थोडा सा आराम करो। शाम को खेतों की ओर जायेंगे'। शाम को करीब पाँच बजे हम दोनें सडक के उस पार खेतों की ओर चले। क्या सुहाना समाँ था। सामने पर्वतों की श्रृंखला, अस्ताचल को जाता हुआ सूर्य, आकाश की लाली, तथा खेतों में हरे धान की हरियाली मन को मोह रहे थे। चलते चलते स्वामीजी संतों की महिमा के बारे में बताते जा रहे थे कि संत कैसे होते हैं। उनके लक्षण कैसे होते हैं इत्यादि। इसी दौरान एक गाँव में रहने वाले संत के बारे में कहने लगे कि उस संत के पास एक सीधा साधा सेवक था जो बडे प्रेम तथा श्रद्धा के साथ उस संत की सेवा करता था। वह सेवक मालिक के



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

बारे में उस संत से कुछ ऊट-पटाँग सवाल भी पूछा करता था। एक समय दोनों किसी दूसरे गाँव में जा रहे थे। उस संत ने अपने उस सेवक से कहा कि संत की शक्ति बडी महान होती है। अर्थात वह इतनी महान होती है कि यदि वह संत सामने वाले पहाडों से कहे 'हिल जाओ' तो पहाड जरूर हिलने लगेंगे। सेवक ने सामने वाले पहाडों की ओर जो देखा तो सचमुच पहाड हिल रहे थे।

स्वामीजी यह कह ही रहे थे कि मैं ने अपनी नज़र सामने वाले पहाडों की ओर की। मैं चीख पडा। पहाड सचमुच हिल रहे थे। मैं ने स्वामीजी का ध्यान इस ओर दिलाया वह बोले अरे बाबा मैं तो उस गाँव वाले संत के बारे में बता रहा था। मैं ने कहा मैं तो सामने वाले पहाडों की बात कर रहा हूँ, जो अब भी



हिल रहे हैं। स्वामीजी पहाडों की ओर देखकर मुस्कुराने लगे। थोडे समय के लिए मेरे होश जैसे उड गए और मैं चैतन्य शून्य हो गया। मेरी समझ में यह नहीं आया कि मैं जाग रहा हूँ या सपना देख रहा हूँ। एक दो मिनट तक मैं वहाँ पर बेसुध सा खडा रहा। उसके बाद सब कुछ साधारण हो गया, जैसे कुछ हुआ ही न हो। हम दोनों घर लौट आए। मैं यह घटना घर आते आते पूरी तरह से भूल चुका था। शायद स्वामीजी नहीं चाहते थे कि इस घटना का ज़िक्र मैं घर में किसी के सामने करूँ। या फिर उनको इस घटना के बारे में बार बार पूछ कर तंग करूं।



[Copyrights](http://iKashmir.org) © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( [http://iKashmir.org](http://iKashmir.org) )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version [http://www.fineprint.com](http://www.fineprint.com)

## 8. मामा जी का फोडा

कहते है कि संत अपने भक्तों के लिए उनका दुख दर्द अपने ऊपर ले लेते हैं और अपने भक्तों को सुख पहुँचाते है।

हमारे मामाजी स्वामीजी के भक्त थे। वे उनके गाँव वनपोह से दस बारह मील दूर एक गाँव चोयन में रहते थे। वे महीने में एक दो बार स्वामीजी के दर्शन करने उनके पास चले जाते थे।

एक बार मैं श्रीनगर से मामाजी के पास आया था। तीन चार दिन वहाँ रह कर मैं वापस घर जाने के लिए तैयार हो गया। मामाजी ने मुझ से पूछा, 'सीधे घर जा रहे हो या स्वामीजी के यहाँ रुक कर जाओगे'। मैं ने कहा मैं उनके दर्शन करके ही जाऊंगा।



हम वनपोह जाने के लिए तैयारी करने लगे। इतने में उसी गाँव में रहने वाली एक महिला, जिस का नाम राजरेनी है, आकर कहने लगी कि मैं भी आप लोंगो के साथ स्वामीजी के दर्शनों वनपोह चलती हूँ। मामाजी बोले, 'ठीक है। आप तैयार होकर आजाओ, हम इन्तिजार करते हैं'।

हम तीनों वनपोह के लिए चल पडे। गाँव छोड कर जो सडक पर आ पहुंचे तो मामाजी को याद आया कि स्वामीजी के लिए गाँव से कुछ लाये ही नहीं। वे जरूर पूछेंगे, 'लाओ मेरे लिए क्या लाये हो'। मैं भी सोच में पड गया। अब क्या हो सकता है। मैं ने मामाजी से कहा कि हम वनपोह में किसी दुकान से कुछ लेकर जायेंगे। वह महिला मज़ाक में हंसकर बोली, 'स्वामीजी का पेट



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

गर्भवती स्त्री की तरह बडा है। यह जो वोपलहाक (एक प्रकार की सब्ज़ी) यहाँ पर उगा है, इसी में से थोडा सा तोड कर ले जाते हैं और उनको दे देंगे। कश्मीर में गर्भवती स्त्रीयों को बच्चा होने के बाद वोपल हाक की सब्ज़ी खाने को देते हैं।

हम तीनों वनपोह पहुँच गए। गाँव में पहुँचकर हम कुछ ले कर जाना फिर भूल गए और सीधे स्वामीजी के घर पहुँचे। उनको प्रणाम करके बैठे ही थे कि स्वामीजी पूछने लगे, 'लाओ हमारे लिए क्या लाये हो'? हम शर्मिन्दगी के कारण कुछ बोल न पाये, परन्तु स्वामीजी बोले, 'क्या सडक के किनारे वोपल हाक भी नहीं मिला, वही लाया होता'। हम सब आश्वर्य-चकित हुये तथा यह विश्वास हो गया कि स्वामीजी सदा-सर्वदा अपने भक्तों के



अंग-संग रहा करते हैं। मैं जल्दी से उठा और गाँव की दुकान से कुछ इलाइची लेकर आया और स्वामीजी के सामने रख दी। स्वामीजी खुश होकर बोले, 'यह बात हमेशा याद रखना कि संतों के पास कभी भी खाली हाथ नहीं जाना चाहिये। अगर कुछ भी न मिले तो बाहर से घास का एक तिनका लेकर उन के सामने रख दो, वह प्रसन्न होकर आर्शीवाद देंगे पर खाली हाथ कभी भी मत जाना'। मैं ने कहा कि मैं यह बात हमेशा याद रखूंगा।

एक बार मामाजी की जांग पर एक बहुत बडा फोडा निकल आया। बहुत सारे इलाज किए पर कुछ फायदा न हुआ। उस में से पस तथा खून लगातार निकलता रहता था जिस के कारण मामाजी बहुत ही परेशान रहते थे। मामाजी ने उस फोडे के बारे में कई बार



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

स्वामीजी से दवा देने की प्रार्थना की। स्वामीजी सुनते रहे पर इलाज के लिए कोई दवा तजवीज़ नहीं की। इस के बाद मामाजी ने कहना ही छोड दिया। वैसे स्वामीजी इलाज भी करते थे। गांव के गरीब किसान छोटी मोटी बीमारियों के लिए उन के पास आते थे और उन की दवाई लेकर ठीक हो जाते थे। बदले में स्वामीजी किसानों से कुछ नहीं लेते थे।

मामाजी उस फोडे की तकलीफ करीब एक साल तक झेलते रहे। आखिर एक बार जब मामाजी स्वामीजी के पास आए तो स्वामीजी ने पूछा, 'तुम्हारा फोडा अब कैसा है'। मामाजी बोले, 'वैसे का वैसा ही है। कुछ फरक नहीं है। मैं अब इस से उत्पन्न हुए दर्द का आदी हो चुका हूँ। आप से भी कितनी बार विनती की थी पर आप भी सदा टालते रहे, तथा कोई दवाई नहीं दी'।



स्वामीजी ने मामाजी को नदी के तट पर से एक विशेष प्रकार का पौधा लाने को कहा। मामाजी वह पौधा लेकर आए। स्वामीजी ने कहा, 'इस पौधे को धो कर अच्छी तरह से पीस डालो। थोडा सा अभी मेरे सामने फोडे पर लगाओ, बाकी घर ले जाकर कल और परसों लगाना। देखते हैं मालिक क्या करता है'। मामाजी ने घर जाकर वैसे ही दो दिन दवाई लगाई। तीसरे दिन सवेरे मामाजी देखते हैं कि फोडे का नामो निशान तक नहीं है। जैसे उस जगह कभी फोडा निकला ही न हो। मामाजी हैरान हुए। उन्हें गुस्सा भी आया और उसी समय स्वामीजी के पास आए। आते ही प्रणाम करके गुस्से से बोले, 'मैं इतने समय से इस फोडे के कारण तडपता रहा हूं। आपसे कई बार विनती भी की, पर आप ने कोई ध्यान नहीं दिया। जब कि एक मामूली सा



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

घास जो कि घर के पास ही नदी के किनारे उगा था, इसके बारे में आप ने कभी भी न कहा और मैं फोडे के दर्द को इतने समय तक सहता रहा'। इस प्रकार मामाजी बहुत देर तक अपना गुस्सा उतारते रहे। स्वामीजी चुपचाप उनकी सारी बातों को सुनते रहे। अन्त में जब मामाजी शान्त हुए तो स्वामीजी ने मामाजी से कहा, 'ज़रा यह कुरता जो मैंने पहना है, उतार दो'। मामाजी ने ज्योंही स्वामीजी का कुरता उतारा, उन की नज़र स्वामीजी के शरीर पर पडी। वह ज़ोर से चीख पडे। स्वामीजी का पूरा शरीर छोटे छोटे फोडों से भर गया था तथा लाल हो गया था।

मामाजी सब समझ गये। फूट फूट कर रोने लगे तथा स्वामीजी से कहने लगे, 'आपने ऐसा क्यों किया? जहां मैं ने इतने समय तक



तकलीफ उठायी वहां और समय भी यदि तकलीफ उठाता तो क्या होता। आपने ऐसा क्यों किया'। मामाजी स्वामीजी के पैर पकड कर फूट फूट कर रोने लगे'।

बडी मुश्किल से स्वामीजी ने मामाजी को चुप कराया और मामाजी से बोले, 'अब तुम को मालूम हुआ होगा कि शुरू शरू में मैं क्यों चुप रहता था। कर्मों के भोगों को भोगना ही पडता है। इनके भोगे बिना छुटकारा नहीं है। अवतारों तक को कर्मों के भोगों को भोगना पडा है। अब शान्त हो जाओ। थोडे दिनों के अन्दर सब ठीक हो जायेगा। मामाजी बडे ही दुखी मन से स्वामीजी से रोते रोते कहने लगे कि अब मैं तब तक यहां ही रह कर आप की सेवा करूंगा जब तक आप के शरीर पर के सारे दाने पूरी तरह से ठीक हो



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

जायेंगे। स्वामीजी बोले 'जैसी तुम्हारी मर्ज़ी'।

स्वामीजी ने अपने पास से कुछ दवाई निकाल कर मामाजी को दी और कहा कि इस दवाई को अच्छी तरह से पीस कर मेरे शरीर पर लगाओ। मामाजी ने दवाई स्वामीजी के शरीर पर दो दिन तक लगातार लगाई। तीसरे दिन मामाजी ने देखा कि स्वामीजी का सारा शरीर लाल दानों से मुक्त हो चुका था। मामाजी बहुत खुश हुए और स्वामीजी के चरण पकड कर खुशी के मारे रोने लगे। अगले दिन स्वामीजी से आज्ञा लेकर मामाजी अपने घर चले गए।

☯ ☯ ☯



## 9. असाधारण कुत्ता

गुरू महाराज हमारे यहां मुम्बई में 1955 में आये थे। उस समय हम गोरेगांव में रहते थे। गोरेगांव मुंबई का एक उपनगर है।

स्वामीजी और मैं अकसर शाम के चार पांच बजे घूमने के लिए निकलते थे। गोरेगांव के पश्चिम की ओर नमक के खेत थे। हम दोनों वहां जाते थे। थोडी देर तक मज़दूरों को नमक के खेतों में काम करते देखते थे। समुद्र के पानी को वे लोग जमा करते थे। फिर जब वह पानी सूर्य की गर्मी से सूख जाता था तो नीचे नमक रह जाता था। उस नमक को वह लोग एक जगह इक्कठा करते थे, ठीक उसी तरह जिस तरह किसान अपने खेतों में धान की गोनियां बनाता है। एक रोज़ की बात है। मैं



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

और स्वामीजी शाम को घूमने के लिए निकले। हम अभी अपनी कालोनी की सडक पर ही चल रहे थे कि मैं ने सामने से अपनी ओर आते हुए एक बहुत बडे कुत्ते को देखा। मैं ने अपनी कालोनी में इतने बडे कुत्ते को कभी भी नहीं देखा था। जब मैं ने देखा कि कुत्ता अपनी ही ओर आ रहा है, मैं कुछ सहम सा गया तथा स्वामीजी से कहा कि सामने से एक बहुत बडा कुत्ता हमारी ही ओर आ रहा है। यह कुत्ता अपने यहां का नहीं है। स्वामीजी बोले कि कुत्ते के सामने कभी भी भागना नहीं चाहिए बल्कि रुक कर खडे रहना चाहिए। यदि भागोगे तो वह भी तुम्हारे पीछे पीछे भागेगा और मुमकिन है कि काट भी ले। अब मैं सहम ही गया जब मैं ने देखा कि कुत्ते ने सडक पार की और हमारी ही ओर आने लगा।



स्वामीजी भी कुछ हैरान से हुए और कहा कि अब हम रुकते हैं। ऐसा लगता था कि कुत्ता नहीं, कोई अजीब जन्तु हमारी ओर आ रही है।

थोडी ही देर में कुत्ता हमारे सामने आकर खडा हो गया। हम दोनों जैसे ही चलने को हुए तो वह भी हमारे साथ साथ अपनी दुम हिलाता हुआ चलने लगा। जितना हम दोनों उस को भगाने की कोशिश करते थे उतना ही वह स्वामीजी के इर्द-गिर्द घूम कर उनकी टांगों तथा चरणों को चूमता जाता था जैसे एक पालतू कुत्ता अपने मालिक को अपना प्यार जता के उसका दुलार पाना चाहता हो। गुरू महाराज बहुत देर तक कुत्ते का व्यवहार देखते रहे तथा उसको सहलाते सहलाते भगाने की कोशिश करते रहे। पर कुत्ता जाने को तयार ही



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

नहीं था। अब वह हमें भी आगे जाने से रोकने की कोशिश करता रहा। आखिर में स्वामीजी ने झुक कर कुत्ते के कान में कुछ कहा। कुत्ता फौरन वहां से नौ-दो-ग्यारह हो गया। थोडी दूर तक मैं ने उस को भागते देखा, पर कुछ दूर जाने के बाद वह जैसे गायब ही हो गया। ऐसा लगता था जैसे कोई कुत्ता आया ही नहीं था।

कुछ समय तक मैं हैरान सा रह गया। स्वामीजी भी चुपचाप मेरी ओर देखते रहे। कुछ समय के बाद मुझे ऐसा लगने लगा जैसे मैं ने कोई सपना देखा हो। हम दोनों बिना कुछ बात किए आगे चलने लगे तथा घंटा भर घूमने के बाद घर की ओर लौट आए। घर पहुंचने तक मैं सब कुछ भूल चुका था जैसे कुछ हुआ ही न हो।



गुरू महाराज कभी कभी माया का कुछ ऐसा चक्कर चलाते थे कि यदि मैं कभी किसी घटना को याद करने की कोशिश भी करता था तो ऐसा लगता था जैसे यह घटना बरसों पहले हुई हो, या फिर मेरा भ्रम हो।

## 10. घर में सत्संग

एक रोज़ हमारे घर में सत्संग हो रहा था। बहुत से लोग आए थे। सत्संग से कुछ देर पहले हमारे भाई साहब के लडके को, जो उस समय छः सात महीने का था, स्वामीजी के बगल में सुलाया गया था। सत्संग करीब एक घंटे से चल रहा था। सब लोग मंत्र मुग्ध स्वामीजी की अमृत वाणी को सुन रहे थे कि



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

स्वामीजी के बगल में सोया बालक अचानक जाग उठा और ज़ोर ज़ोर से रोने लगा। मैं बालक को उठाने के लिए खडा होने को ही था कि गुरू महाराज ने मुझे इशारे से बैठने को कहा और बालक की ओर थोडा झुक कर उसकी आंखों में देखने भर की देर थी कि बालक एकदम चुप हो गया और गहरी नींद सो गया। आश्चर्यजनक बात यह है कि किसी भी सत्संगी को इस बात का एहसास ही न हुआ कि सत्संग कुछ समय के लिए रुक गया था।

संतों की महिमा संत ही जानते हैं। या वह जानते हैं जिनको वह दिखाना चाहते हूं। कई घटनाओं के बारे में मैं ने स्वामीजी महाराज से पूछने की कोशिश की, पर हर बार नाकामियाब रहा। मुझे ऐसा लगता था जैसे वह घटना घटी ही नहीं हो। वह केवल मेरा भ्रम



था या कोई सपना।

## 11. उदासीन आश्रम

गोरेगांव में हमारे घर से थोडी दूर सडक के उस पार एक आश्रम है जिस का नाम उदासीन आश्रम है। उस आश्रम के महंत को किसी सज्जन ने बताया कि कश्मीर के एक महान संत यहां आये हैं और हमारे घर में ठहरे हैं।

अचानक एक रोज़ आश्रम के महंत हमारे घर आए और गुरू महाराज से मिले। आते ही अपना परिचय दिया तथा स्वामीजी से बात करने की आज्ञा मांगी। महंतजी स्वामीजी के साथ कोई दो घंटे तक बात करते रहे। जाते जाते महंतजी ने गुरू महाराज से इस बात की



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

आज्ञा मांगी कि वह बीच बीच में स्वामीजी से मिलने तथा उन से बात करने के लिए आऐंगे। स्वामीजी बोले, 'हमारा दरबार सदा सर्वदा सब के लिए खुला है। यहां पर किसी प्रकार की रोक टोक नहीं है। आप बिना हिचक के किसी भी समय हमसे मिल सकते हैं तथा बात कर सकते हैं। इसके बाद महंतजी कई बार स्वामीजी के पास आते रहे और उन के साथ बातचीत करके चले जाते थे।

महंतजी अपने आश्रम में खुद भी अपने अनुयाइयों के साथ सत्संग किया करते थे। एक रोज़ महंतजी स्वामीजी के पास आए और उन से कहने लगे, 'आज एकादशी है। मैं ने अपने आश्रम में सत्संग रखा है। सत्संग ठीक तीन बजे अररम्भ होगा। मैं ने बहुत सारे लोगों को बुलाया है। बहुत लोगों को आप के बारे में



मालूम हुआ है और वह सब लोग आपके दर्शन करना चाहते हैं। इसी कारण मैं ने सतसंग का प्रोग्राम बनाया है। आप समय पर मेरे आश्रम में पधार कर हमें तथा सब संगत को कृतार्थ करें'। स्वामीजी महंतजी से बोले, 'मैं सतसंग अपनी भाषा में देता हूं, वह लोग क्या समझ पायेंगे'। महंतजी बोले, 'आपको सतसंग देने के लिए मैं नहीं कहूंगा। आप केवल वहां पर बैठे रहें तथा अपने दर्शन मात्र से हमें तथा सारी संगत को कृतार्थ करें। स्वामीजी बोले, 'ठीक है, हम समय पर आयेंगे'। शाम के तीन बजे हम दोनों आश्रम पहुंचे। देखा कि आश्रम का हाल खचा खच भरा है। हाल के बाहर भी बहुत सारे लोग बैठे थे।

महंतजी तथा उनके सेवकों ने स्वामीजी का विधि-पूर्वक स्वागत किया। फूलों का एक



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

बडा हार पहनाया और एक ऊंचे आसन पर उनको बिठाया। सारी संगत ने खडे होकर स्वामीजी का स्वागत किया। महंतजी ने खडे होकर संगत को स्वामीजी का परिचय दिया तथा कहा, 'आज हमारे बीच कश्मीर से आये एक महान संत बैठे हैं। यह हम सब का अहो-भाग्य है कि ऐसे महान संत के दर्शन हम सब को नसीब हुए हैं। हमें अपने आप को भग्यशाली समझना चाहिये'। इतना कहने के बाद महंतजी ने सतसंग आरम्भ किया।

सतसंग समाप्त होने से कुछ समय पहले महंतजी का एक खास सेवक उनके पास आया और उनके कान में कुछ कहकर एक ओर खडा हो गया। महंतजी को परेशान देख कर स्वामीजी ने उनसे पूछा, 'क्या बात है? आप इतने परेशान क्यों हैं'? महंतजी बोले, 'हमने प्रसाद



अपने अन्दाज़े से बनाया था बल्कि कुछ ज्यादा ही बनाया था। पर हमारा सेवादार कह रहा है कि आज संगत ज़रूरत से ज़्यादा है और प्रसाद पूरा नहीं है। इतने कम समय में और प्रसाद का इन्तिज़ाम करना मुमकिन नहीं है'।

स्वामीजी ने महंतजी से कहा, 'आप अपने सेवादार से कहो कि प्रसाद का बर्तन किसी साफ कपडे से ढ़क कर सबसे पहले मेरे पास लेकर आऐ। मालिक सब ठीक करेगा। आप बिल्कुल चिन्ता न करें'। सेवादार को ऐसा ही कहा गया। उस ने प्रसाद का बर्तन एक कपडे से ढक कर स्वामीजी के सामने रख दिया। स्वामीजी ने ढके हुए बर्तन के अन्दर अपना हाथ डाल दिया तथा थोडा सा प्रसाद निकाल कर अपने मुंह में डाल दिया। प्रसाद बांटने वाले सेवादार को हिदायत की कि प्रसाद



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

बाँटते जाओ मगर इस बात का ध्यान रहे कि बरतन के ऊपर से कपडा हटने न पाये। ऐसा ही हुआ। सारी संगत प्रसाद लेकर तथा दर्शन करके चली गई। प्रसाद के बरतन से अब कपडे को हटाया गया तो महंतजी का सेवादार यह देख कर दंग रह गया कि जितना प्रसाद बरतन के अन्दर रखा गया था, वह सब वैसे का वैसा ही है। उस सेवादार ने महंतजी से इस का ज़िक्र किया। सुन कर महंतजी खुशी से उछल पडे और स्वामीजी के पास आकर हाथ जोडकर खडे हो गए तथा प्रार्थना करते करते रोने लगे। स्वामीजी ने पूछा, 'क्या बात है? रोते क्यों हो? तुम इस आश्रम के महंत हो, तुमको इस प्रकार रोना शोभा नहीं देता है'। मंहत जी बडे दुखी होकर कहने लगे कि प्रसाद का यह वरदान उसको उसके गुरू महाराज ने दिया था, पर उसकी एक छोटी सी भूल के



कारण वह यह वरदान गँवा बैठा। स्वामी जी ने पूछा क्या भूल हुई थी तुमसे? मंहत जी बोले, 'एक बार ऐसा ही मौका आया। संगत जरूरत से ज़्यादा थी अतः मैं ने उस समय वरदान का प्रयोग किया और सब संगत में प्रसाद बाँटा गया। प्रसाद बाँटते बाँटते मैं ने देखा कि एक सज्जन दूसरी बार प्रसाद लेने आया। मुझे क्रोध आया और उस सज्जन को दुतकारा। बस उसी दिन से वरदान की मेरी शक्ति समाप्त हो गई। मैं बहुत हताश हो गया। मेरी आपसे प्रार्थना है कि आप मुझे इस शक्ति को प्राप्त करने की कृपा करें'।

गुरू महाराज थोडी देर के लिए ध्यान-मग्न हो गए और कुछ समय के बाद बोले, 'यह वरदान आपको आपके गुरू महाराज ने दिया था तथा अब वापस भी उन्होंने ही



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

लिया है। हम इस बारे में कुछ नहीं कर सकते हैं क्योंकि कुदरत की कारीगरी में संतजन हस्ताक्षेप नहीं करते हैं'। मंहत जी बहुत देर तक अनुनय विनय करते रहे पर स्वामीजी नहीं माने और यही कहते रहे कि 'प्रकृति के कामों में दखल देना हम पसन्द नहीं करते। आप भी याद रखो कि संत कभी भी प्रकृति के कामों में हस्ताक्षेप करना पसन्द नहीं करते। प्रकृति को अपना काम करने देना चाहिए इसी में सब की भलाई छुपी रहती है। संत किसी खास मकसद के लिए जब और कोई चारा न हो तो हस्ताक्षेप करते हैं अन्यथा नहीं'। मंहत जी ने हाथ जोड कर कहा, 'स्वामीजी मुझे क्षमा करें, मैं बहक गया था'।

☯ ☯ ☯



*स्वन छ्वय फ्वलन*
*नारुँह तावुँह सूँत्य्।*
*पोश वावुँह सूँत्य्*
*अन्न छावुँह सूँत्य्।*
*सत्ज़न फ्वलन*
*दयि नावुँह सूँत्य्*
*ओमकारनुँय फ्वलुँहनोवुँनस।*

☯ ☯ ☯



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com




लेटे हुए: पूज्य स्वामीजी
बायें से: मामाजी, बेबी ज्योती, सुमन



## 12. ज्योती

हमारी पहली सन्तान लडकी है जिसका नाम ज्योती है। उसके जन्म के समय उसकी माँ सुमन को हम जब अस्पताल ले गए, तो डाक्टर ने उसका मुआयना करके कहा कि एक दो घँटे के अन्दर delivery हो जायेगी।

यहाँ पर यह लिखना जरूरी समझता हूं कि डाक्टर स्वयं धार्मिक विचारों का था। कोई भी काम करने से पहले वह गीता जी के कुछ श्लोक पढकर जाता था।

सुमन को labour- room में लिया गया। करीब दो घंटे तक डाक्टर कोशिश करता रहा पर उसको बिल्कुल ही सफलता नहीं मिली। मैं और मेरी भाभी जी बाहर बैठे थे। पूज्य भाभी निर्मला जी अन्दर जाकर सुमन को दिलासा देती



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

रहती थी। डाक्टर ने मुझे अन्दर बुलाया और कहा 'अभी तक Normal delivery नहीं हो रही है। हमने अपनी ओर से बहुत कोशिश की पर सफलता नहीं मिल रही है। हम अब ज़्यादा देर तक रूक नहीं सकते हैं क्योंकि उसमें खतरा हो सकता है। मैं अपने एक मित्र डाक्टर को फोन करके बुलाता हूँ। अब operation करना जरूरी है।'

मुझे एक form दे दिया और कहा कि इस पर मैं अपने हस्ताक्षर करूँ। मैं ने उस form पर अपने हस्ताक्षर किए और डाक्टर से कहा, 'आप अब देर न करें। अपने मित्र डाक्टर को जल्दी बुलाकर operation की तैयारी करें।' डाक्टर ने कहा कि उसका मित्र डाक्टर पन्द्रह बीस मिनट में आता ही होगा। इसी दौरान मैं अन्दर सुमन के पास उसको



देखने गया। वह काफी परेशान लग रही थी। मैं ने सुमन से कहा कि सब कुछ भूल कर तुम अपने गुरू महाराज स्वामीजी को याद करो। यह कह कर मैं बाहर आया और बाहर आकर स्वामीजी को याद करने लगा। करीब पाँच मिनट के बाद सुमन दर्द के मारे ज़ोर से चिल्लाई। डाक्टर दौड़ कर अन्दर चला गया और अपनी दो और नरसों को बुलाया तथा प्रभू को याद करके एक बार फिर प्रयत्न किया जिसमें उसको सफलता मिली। डाक्टर खुश होकर मेरे पास दौडकर आया और बधाई देते हुए कहने लगा, 'यह तो चमत्कार हो गया। आराम से delivery हुई। लडकी हुई है। आप आधे घँटे के बाद दोनों को देख सकते हो'। थोडे समय के बाद उसका मित्र डाक्टर आया और डाक्टर से मिलकर वापस चला गया।

कुछ समय के बाद मैं सुमन को देखने



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

अन्दर गया। मैं ने उस से कहा, 'अब तुम खुश हो? operation टल गया'। मेरी ओर देखकर सुमन बोली, 'आप जब मुझे कहकर गये कि स्वामीजी को याद करो, मैं ने आँखें बन्द करके उनको याद किया। थोडे समय में मैं देखती हूँ कि मेरे सामने आकाश में स्वामीजी खडे हैं। सारे कमरे में प्रकाश ही प्रकाश हो गया और स्वामीजी अपना दाहिना हाथ उठाकर हमें आर्शीरवाद देकर चले गए। उनके जाने के बाद ही मेरा दर्द आरम्भ हुआ और लडकी पैदा हुई।' मैं ने मन ही मन गुरू महाराज को प्रणाम किया और उनका शुक्रिया अदा किया। गुरू महाराज ने हमें कभी भी निराश नहीं किया है।





लेटे हुए पूज्य स्वामीजी
बायें से: सोमनाथ, मामाजी, सुमन,
बेबी ज्योती (गोद में)



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

*ईकान्तस अन्दर बे'ह*
*कतुन पनुन यऽन्दर हे'*
*सो'न्दर बे'ह, क्रमुँई ज़ान*
*ग्यवुन सोहमुँई ज़ान*
*नेंरुन नय छुय बरय*
*पनुन पान कर सरय*
*घरय आगमुँई ज़ान*
*ग्यवुन सोहमुँई ज़ान*



## 13. भारती जी

एक बार मैं और स्वामीजी बाहर से घूमकर घर वापस आरहे थे। देखा एक सरदार जी हमारे पीछे पीछे आरहा था। हम दोनों रुक गए और उसका इन्तिजार करने लगे। सरदार जी हमारे पास आया तथा स्वामीजी को प्रणाम करके कहने लगा, 'मुझे क्षमा करना। मैं आप दोनों के पीछे पीछे बहुत दूर से चल रहा हूँ। आप दोनों मेरे घर के पास से निकल रहे थे। मेरे मन में इच्छा हुई कि आप से मिलूँ पर अवसर ठीक न होने के कारण मैं ने यही उचित समझा कि आपके पीछे पीछे चलकर आप का घर देखूं और वहीं पर आपसे बात भी करूँ। रास्ते में आपसे बात करना मुनासिब नहीं समझा। इसी कारण मैं अपने घर से आप दोनों के पीछे पीछे चल रहा हूँ। मेरी बचपन से संत



Copyrights © 2000-2010 Kashmir News Network (KNN) ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

महात्माओं के दर्शनों की इच्छा रही है। जब भी मैं किसी संत महात्मा को देखता हूँ तो उनके दर्शन जरूर करता हूँ तथा अपने आप को भाग्यशाली समझता हूँ'। स्वामीजी बोले, 'यह तो बहुत ही अच्छी बात है। संत महात्माओं के दर्शन बडे भाग्य से ही मिलते हैं'। मैं ने सरदार जी को अपने घर में आने के लिए कहा। वह अन्दर आया और स्वामीजी के चरण छूकर उनके सामने बैठ गया। वह बहुत देर तक स्वामीजी से बातें करता रहा। बातों ही बातों में उन्होंने कहा कि सडक के उस पार जवाहर नगर में एक मराठी महात्मा रहते हैं। उनका नाम भारत-भारती है पर सब लोग उनको भारती जी के नाम से पुकारते हैं।

स्वामीजी ने सरदार जी से कहा कि हमें भी वहां ले चलो, हम भी उनके दर्शन करेंगे।



सरदार जी ने दूसरे दिन आने का वादा किया। दूसरे दिन करीब चार बजे सरदार जी हमारे घर आये और हम दोनों उनके साथ भारती जी के घर की ओर चल दिये।

जवाहर नगर में भारती जी का अपना एक बंगला था तथा बंगले के चारों ओर काफी खुली जगह थी। हम जिस समय उनके घर पहुँचे, वह अपने कमरे में पूजा करने बैठे थे। सरदार जी हम से पहले ही घर के अन्दर चला गया और उनको हमारे आने की सूचना दी। तब तक हम दोनों उनके कमरे के दरवाज़े तक पहुँच चुके थे। स्वामीजी दरवाज़े पर खडे खडे उनको देखने लगे। वह अपने आसन से उठकर स्वामीजी के चरणों से लिपट गए। स्वामीजी ने उन्हें उठाया और गले से लगा लिया तथा उनके सर पर हाथ फेर दिया। हम यह देखकर दंग



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

रह गए कि उस महापुरुष के आखों से आँसुओं की झडी लग गई। वह गुरू महाराज को बहुत देर तक एक टक देखते रहे। स्वामीजी फिर उनसे बोले, 'हमें बैठने को नहीं कहोगे? क्या हम ऐसे ही खडे रहेंगे'? उस महापुरुष ने स्वामीजी को बैठने के लिए आसन दिया और खुद उनके सामने हाथ जोडकर बैठ गए। बहुत देर तक वह गुरू महाराज की ओर अपलक देखते रहे और कोई भी शब्द मुँह से नहीं निकाला। हमें ऐसा लग रहा था जैसे कई जन्मों के बिछडे हुए मिले हों। आखिर स्वामीजी ने मौन तोडा और उनसे कहने लगे, 'महात्मा कुछ अपनी सुनाओ, कुछ हमारी सुनो'। भारती जी रोते रोते ही कहने लगे, 'प्रभू आपने आने में देर क्यों लगाई। मेरे गुरू महाराज ने मुझे अन्तिम समय में कहा था कि समय आने पर एक उच्च कोटि के संत स्वंय तुम्हारे घर आकर



तुम्हारी साधना को सार्थक करेंगे। मैं बरसों से आपकी राह देख रहा हूँ।' स्वामीजी हँसकर बोले, 'बाबा, समय बडा बलवान है। जिस समय जो कुछ होना होता है वह उसी समय होकर रहेगा। न रती इधर न रती उधर। उस मालिक की मर्ज़ी के बिना एक पत्ता तक हिल नहीं सकता है।'

इस संदर्भ में स्वामीजी के एक भजन की चन्द पंक्तियां लिखना उचित समझूँगा :-

*वाव नुॅ अक़्न पनुॅह बऽरगस*
*वावुॅहकुय ताकत छु क्या'ह?*
*पनुॅह बऽरगुॅय छुनुॅह अलन*
*चानि हो'कमय रो'स्त।*

अर्थात: ए मालिक! हवा की ताकत ही क्या है कि वह आपके हुक्म के बिना एक पत्ते को हिला सके।



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

स्वामीजी उनसे बोले, 'आपके और हमारे मिलने का समय उस मालिक की ओर यही तय हुआ था, सो हम आज मिले।

स्वामीजी ने हमें और सरदार जी को कमरे से बाहर रहने को कहा और खुद भारती जी के साथ कमरे में करीब आधा घँटा रहे। जब वे दोनों बाहर आए तो स्वामीजी ने भारती जी से विदा माँगी और हम वापस अपने घर लौटे।

घर आकर मैं ने स्वामीजी से पूछा कि भारती जी को अपने गुरू महाराज से आध्यात्मिक धन क्यों नहीं मिला। स्वामीजी मेरी ओर देखकर हँसने लगे और कहने लगे कि इसके कई कारण हैं। मैं तुमको कुछ एक बताकर समझा देता हूँ। पहला कारण यह है कि जिसका कल्याण जिसके हाथ से होना



लिखा होगा, उसी के हाथ से होगा। इसमें कोई फेर बदल नहीं हो सकता। दूसरा कारण बरतन अन्दर से साफ होना चाहिए, तभी उसके अन्दर कोई अच्छी चीज़ रख सकते हैं। यदि गन्दे बरतन के अन्दर हम कोई पदार्थ डालें तो वह भी गन्दा हो जायेगी। इसलिए बरतन का अन्दर से साफ होना बहुत जरूरी है। मैं ने कहा स्वामीजी, यह बरतन बीच में कहाँ से आगया। असल में, मैं ने यह बात मज़ाक में कही थी, पर स्वामीजी से यह कहने की हिम्मत नहीं हुई। सोचा स्वामीजी समझेंगे कि इस समय हम सँजीदा बातें कर रहे हैं और इसको मज़ाक की सूझी। नाराज़ भी हो सकते हैं। बस अपना मुहँ बन्द रखा और उनके सामने अपने आपको बेवकूफ साबित किया।

स्वामीजी ज़ोर ज़ोर से हँसने लगे और



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

कहा, 'अरे बाबा यहाँ पर बरतन का मतलब है मनुष्य का मन। मन शीशे की तरह साफ होना चाहिए, तभी उसमें प्रभू के दर्शन हो सकते हैं। एक और कारण है। भारती जी में अहमता बहुत थी। उसके अन्दर से मैं-पना नहीं गया था। वह मिलिट्री में एक बहुत बडा अफसर रह चुका था। मनुष्य का गुरूर ही उसकी सफलता को रोके रखता है। हालाँकि भारती जी के गुरू भी एक बहुत बडे सिद्ध थे, पर भारती जी अपने गुरूर के कारण अपने गुरू से आध्यात्मिकता की निधी को उनके जीते जी न पा सके, जो उसको पानी चाहिए थी। उसने आज मेरे सामने अपना दिल खोल कर रखा और शरणागत हो गया। मैं ने भी उसको अपना आर्शीवाद दे दिया। उसकी प्यास अब बुझ चुकी है और पूरी तसल्ली हो चुकी है।'



इसके बाद भारती जी हमारे घर स्वामीजी के पास आते रहते थे, और कभी कभी स्वामीजी को अपने साथ अपने घर ले जाते थे। थोडे ही समय के अन्दर भारती जी हमारे परिवार के बहुत ही करीब आए और हमारे परिवार के एक सदस्य ही बन गये।

भारती जी गृहस्थी थे। उनकी पत्नी थी, एक लडका था जो किसी लोकल पेपर में sub-editor था। चार लडकियाँ थीं। दो लडकियों की शादी हो चुकी थी और दो पढाई कर रहीं थी। इस प्रकार भारती जी की सीधी सादी गृहस्थी चल रही थी।

स्वामीजी के कश्मीर चले जाने के बाद भी भारती जी हमारे घर आते जाते रहते थे और अन्त समय तक उन्होंने हमारे परिवार के साथ अपना सम्बंध बनाये रखा।



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

*कर च्य सतगुरू वरीय*
*अनुग्रह पूरुॅह करीय।*
*अदुॅह फिकिरे च़्य तरीय*
*'गोवेन्दुॅई' छु सोरुॅई*
*आनन्दुॅई छु सोरुय*
*नादुॅह-ब्यन्दुॅई छु सोरुई।*



## 14. डा. बास

स्वामीजी के भारती जी से मिलने के पन्द्रह बीस दिन बाद एक रोज़ चार बजे शाम को स्वामीजी ने हमसे कहा कि चलो आज भारती जी के पास जायेंगे। मैं ने कहा कि आज तो हम ने नमक के खेतों की ओर जाने का प्रोग्राम बनाया था और थोडी ही देर के अन्दर हम उसी ओर जाने वाले थे। स्वामीजी कहने लगे कि खेतों की ओर कल चलेंगे, आज हम दोनों भारती जी के यहाँ जायेंगे। मैं समझ गया कि ज़रूर आज इनके हाथों किसी का उद्धार होना है। आगे चलकर मेरा अन्दाज़ा सही निकला। हम दोनों भारती जी के घर की ओर चल पडे। वहाँ पहुँचने पर हमने देखा कि भारती जी घर के बाहर लॉन में बैठे हैं और तीन चार सज्जन उनके सामने बैठे हैं। जैसे ही



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

भारती जी ने हम दोनों को आते देखा वह तेज़ कदमों से हमारी ओर दौडे। स्वामीजी के चरण छूए और अपने साथ घर के अन्दर ले गए। वहाँ पर बैठे सब के साथ स्वामीजी की पहचान कराई। वहाँ पर बैठे सज्जनों में से एक सज्जन स्वीज़रलेन्ड से आए हुये डा.म.बास थे।

मेरे लिए अब यह जरूरी बनता है कि डा.बास का थोडा सा परिचय पाठकों को दे दूँ। स्वीज़रलेन्ड के रहने वाले डा.बास एक विश्वविक्षात Psychiatrist थे। वे भारत सरकार के निमंत्रण पर भारत में कुछ Lectures में भाग लेने के लिए आये थे। भारत आने के साथ साथ उनका एक निजी मिशन भी था। वह था भारत के संत महात्माओं, फिलास्फरों और भारत की महान हस्तियों से मुलाकात।

इस सिलसिले में उसने अपने देश में



भारतीय मित्रों के साथ सम्पर्क किया और उनसे कहा कि मैं भारत जा रहा हूँ। आप लोग मुझे भारत में रहने वाले संत का पत्ता दे दें। मैं उनसे मिलना चाहूँगा तथा अपनी अंतरीय पिपासा को शाँत करना चाहूँगा। एक भारतीय मित्र ने डा. बास को एक महात्मा का नाम पत्ता दे दिया जो नासिक में रहता था।

भारत आकर डा. बास ने कई महा-पुरूषों से मुलाकात की। वह बनारस भी गये जहाँ उसने कई संत, महात्माओं से मुलाकात की। पर कहीं पर भी उसको तसल्ली नहीं हुई। आखिर बनारस से वापस आते आते डा. बास की मुलाकात एक साधवी से हुई। उस साधवी को डा. बास ने अपनी राम कहानी सुनाई। सुनकर उस साधवी ने डा. बास से कहा कि आपकी मुलाकात जल्दी ही कश्मीर के एक महान संत

Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

से होगी। उस संत के द्वारा आपको आध्यात्मिकता का खज़ाना मिल जायेगा। आप अपने आपको धन्य मानोगे और इधर उधर भटकोगे भी नहीं।

डा. बास जब बनारस से लौटे तो उनको भारतीय मित्र के गुरूजी की याद आई जो नासिक में रहते थे। डा. बास नासिक गए और उस महात्मा से मिले। डा. बास की सारी बात सुनकर उस महात्मा ने कहा, 'चूँकि मैं अंग्रेज़ी ठीक तरह से बोलना नहीं जानता हूँ, मैं आपको ठीक तरह से समझा नहीं पाऊंगा। मेरा एक मित्र मुंबई में रहता है, वह हमारी सहायता कर सकता है।' वह महात्मा डा.बास को मुंबई भारती जी के पास ले आया। यह वही दिन था जिस दिन स्वामीजी ने भारती जी के घर चलने का आग्रह किया था।

खैर भारती जी ने स्वामीजी की पहचान



सब से कराई। हम दोनों वहाँ पर बैठ गए। बैठते ही स्वामीजी ने डा. बास की ओर दृष्टि की और दोनों की आँखे चार हुईं। मैं ने ऐसा महसूस किया कि नज़र मिलते ही डा. बास के पूरे शरीर के अन्दर बिजली की current सी दौड गई और वह उठ खडे हुऐ और स्वामीजी के चरणों में लेट गए। स्वामीजी ने उन्हें गले से लगा लिया। दोनों मूक भाषा में एक दूसरे को देखते रहे, सुनते, समझते और समझाते रहे। कुछ ही क्षणों के अन्दर दोनों ने एक दूसरे को जान लिया, पहचान लिया।

डा. बास ने नासिक वाले महात्मा से क्षमा माँगते हुए कहा कि मुझे अब मेरी मंज़िल मिल गई है तथा उनसे विदा ली।

डा. बास मुंबई में ताज महल होटल में ठहरे थे। स्वामीजी ने डा. बास को दूसरे दिन



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

सुबह के पाँच बजे घर पर बुलाया। दूसरे दिन डा. बास चर्चगेट से पहली ट्रेन पकड कर गोरेगाँव हमारे घर आए। स्वामीजी ने हमारे सब से बडे भाई साहब परमपूज्य प्रथ्वीनाथ जी के ज़रिये डा. बास को दीक्षा दी। उसके बाद डा. बास जितने दिन मुंबई में रहे, रोज़ स्वामीजी से मिलने हमारे घर आते थे और दो तीन घँटे उनके साथ बैठकर होटल चले जाते थे।

डा. बास बहुत ही सरल स्वभाव के थे। उन्होंने कई साल पहले ही माँस, मदिरा तथा सिगरेट पीना तरक कर दिया था।

उस समय हम स्वामीजी के भजन जो कश्मीरी भाषा में हैं, पढा करते थे। डा. बास उन भजनों को बडे ध्यान से सुनते थे तथा उनका अर्थ भी पूछते थे। एक सज्जन अपनी



योग्यता के अनुसार अँग्रेजी भाषा में उन भजनों का अर्थ समझाता था।

कुछ समय के बाद स्वामीजी वापस कश्मीर चले गऐ। दो साल के बाद डा. बास भारत आए और स्वामीजी के पास कश्मीर चले गए। वे पन्द्रह बीस दिन उनके साथ उनके घर में रहे। डा. बास ने अपने आपको गुरू महाराज की संगत में पूर्ण बना लिया।

मैं एक बार स्वामीजी से मिलने कश्मीर चला गया। बातों ही बातों में स्वामीजी ने मुझ से कहा, 'डा.बास इस समय आध्यात्मिकता की बहुत ऊंची सीमा तक पहुँच चुका है। उन्होंने हमसे कहा कि इस बार जब वह हमारे पास कश्मीर आया था, बहुत दिन हमारे साथ रहा और हमारे भजन बडे ध्यान से सुनता रहा। एक रोज़ डा. खुशू साहब अपनी



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

पत्नी के साथ हमारे पास आए। कुछ समय बाद दोनों ने भजन पढना शुरू किया। डा. बास बडे ध्यान से भजन सुनते रहे और जब पहले की भाँति डा.खुशू साहब ने भजनों का अर्थ अँग्रेजी में समझाना चाहा तो इस बार डा. बास ने अँग्रेज़ी में भजनों का अर्थ करने से मनाह कर दिया और कहा कि अब मैं इन भजनों का अर्थ समझने में समर्थ हूँ'।

हम अन्दाज़ा भी नहीं लगा सकते हैं कि उस समय डा. बास की आध्यात्मिक अवस्था उस सीमा तक पहुँच चुकी थी जहाँ पर भाषा, भाषा न रहकर एक मूक संदेश बन जाता है। वहाँ पर मनुष्य की बुद्धि कुछ काम नहीं कर पाती है।

संतों की दया का वार पार नहीं। कब किस समय किसकी झोली में अपनी दया मेहर



का खज़ाना डाल दें आज तक कोई नहीं जान पाया हैं।

☯ ☯ ☯

## 15. चमत्कार या करामातें

मैं ने किसी पुस्तक में पढा है कि एक बार मेडम बलोवाटस्की एक सभा में बोल रही थी। एक प्रोफेसर उठकर कहने लगा, 'मेडम आप जो कह रही हैं, ये सब किस्सा कहानियाँ हैं और उतना ही असम्भव है जितना छत से इस समय फूलों का बरसना'। मेडम ने कहा, 'प्रोफेसर क्या तुम समझते हो यह बात असम्भव है'? इतने में छत से फूल गिरने लगे और मेज़ भर गई। प्रोफेसर हैरान हो गया। मेडम ने कहा यह प्रकृति के गुप्त नियमों के अनुसार है,



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

पर हमको उनका ज्ञान नहीँ।

मैं ने स्वामीजी से करामातों के बारे में पूछा कि इसमें क्या रहस्य है? स्वामीजी बोले कि करामातें उनके महात्मा होने का प्रमाण हैं। करामात या चमत्कार एक ऐसा प्रमाण-पत्र है, जो मालिक किसी पैगम्बर, अवतार या संत को देकर संसार में भेजता है। महापुरूष करामातों से खाली नहीं होते हैं। संतों तथा महापुरूषों को अपने भक्तों में विश्वास को पक्का करने के लिए कभी कभी करमातों से काम लेना पडता है। परन्तु संत इनकी ओर ज़्यादा तर ध्यान नहीं देते हैं। मजबूरी में ही वह इनका उपयोग करते हैं। करामातें ध्यान कौ एकाग्रता का भी परिणाम हैं।

एक बार स्वामीजी से हमने पूछा कि यदि गुरू शिष्य स बहुत दूर हो, और शिष्य अपने गुरू से कुछ पूछना चाहता हो, तो दोनोँ का मिलन कैसे सम्भव हो सकता है। कहने लगे कि कोई बात असम्भव नहीं है। यदि गुरू और शिष्य का आपस में ताल मेल हो, दोनों के दिलों की धडकन एक जैसी हो, और सब से बडी बात यह है कि इस अवस्था को पाने का साधन शिष्य को अपने गुरू के प्रति अगाद प्रेम, विश्वास और श्रद्धा होनी चाहिये। मनुष्य की सफलता उस के अंतरीय भावों से सम्बन्धित है। जो मन को एकाग्र करना जानता है वह सफल होता है। जिसे इस भेद की जानकारी नहीं है वह असफल होता है। तुम हज़ारों मीलों की दूरी पर रहते हुये अपने मन को एकाग्र कर के अपनी खयाली धार को किसी इच्छित वस्तु गुरू अथवा ईश्वर तक पहुंचाकर उसे अपनी ओर आकर्शित करते रहो। वह तुम्हारी ओर खींचता चला आयेगा। एकाग्र मन के अभ्यास



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

से मनुष्य ईश्वर तथा देवी देवताओं को अपने पास बुला लेता है। यंहा पर नज़दीक और दूरी का प्रश्न नहीं है'।

*जो गुरू बसे बनारसी*
*शिष्य समंदर तीर।*
*एक पलक बिसरे नहीं*
*जो गुण होवे शरीर।।*

अन्त में मैं उस परम पिता परमात्मा सतगुरू दयाल का बार बार शुक्राना अदा करता हूं जिन्होंने मुझे यह सब लिखने की प्रेरणा दी।

☯ ☯ ☯





सामनेः पूज्य स्वामीजी, माता भाग्यवान
बायें सेः पूज्य प्रथ्वीनाथजी, निरंजन नाथ, पूज्य निर्मलाजी, मामाजी, बालक मनोहर, बहन दुलारी



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com



बायें से: सोमनाथ, पूज्य प्रथ्वीनाथजी, निरंजन नाथ, पूज्य स्वामीजी, मामाजी

मुम्बई सागर में नहाते समय



## 16. उपसंहार

मैं ने कई घटनाओं के अन्त में लिखा है कि 'या तो मैं यह घटना पूरी तरह से भूल जाता था, या फिर ऐसा लगता था कि कोई सपना देखा हो।'

पाठक यह जरूर सोचेंगे कि यदि मैं घटनाओं को पूरी तरह से भूल चुका था तो इतने सालों बाद फिर कैसे याद आयीं। पाठकों का सोचना सर्वथा सत्य है। इस सिलसिले में मैं पाठकों की शंका का समाधान करना चाहूँगा।

दरअसल बात यह हुई कि जिस समय मैं अपनी पूज्य माता जी की भजन पुस्तक 'मन-पम्पोश' के प्रकाशन के सिलसिले में काम कर रहा था, उस समय मेरे मन के एक कोने से यह आवाज आई कि उन गुरू महाराज के



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

बारे में भी लिखना चाहिए जिनको माता जी ने अपनी भजन पुस्तक 'मन-पम्पोश' सारी की सारी अर्पण की है तथा जिन गुरू महाराज के चरणों में माता को अपनी आध्यात्मिक एवं साहित्यिक साधना को सफल बनाने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ था। पर प्रश्न यही उठता था कि क्या लिखूँ?

'मन-पम्पोश' प्रकाशित होने के बाद जब मुझे समय मिला तो मैं ने इस ओर ध्यान देना शुरू किया। एक रात इसी विचार को लेकर मैं सो गया। रात को मैं ने सपने में एक घटना को घटते देखा। सवेरे जब मेरी आँख खुली तो सपने में देखी घटना के बारे में एक धुँधली सी याद थी कि आज रात को कुछ देखा है। क्या देखा है, यह याद नहीं आ रहा था। लाख कोशिश करने पर भी मैं उस घटना



को पूरी तरह से याद न कर पाया। आखिर दूसरी रात सोते समय मैं उसी खयाल को ले कर सो गया। अब की बार जब मैंने घटना को फिर से घटते देखा तो मैं उसी समय बिस्तर से उठा। कमरे में रोशनी की तथा कागज़ कलम लेकर सारी घटना को संक्षिप्त में लिख कर सो गया। दूसरे दिन उस घटना को विस्तार से लिख दिया। इस प्रकार यह सिलसिला चार पाँच दिनों तक चलता रहा। मैं रात को उठता था, घटना को संक्षिप्त में लिखता था और फिर सो जाता था। दूसरे दिन उस घटना को विस्तार-पूर्वक लिख लेता था।

इस प्रकार चार पाँच दिन के बाद घटनाओं का यह सिलसिला समाप्त हुआ और मुझे गुरू महाराज के बारे में लिखने का थोडा सा अवसर मिल गया। या यूँ कहें कि स्वामीजी



Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

महाराज ने मेरे मन के अन्दर उठी इच्छा को पूरण किया।

यह जो कुछ भी मैंने लिखा है, केवल गुरू महाराज की ही प्रेरणा से सम्भव हुआ है।

*मेरा मुझ में कुछ नहीं*
*सब कुछ है तेरा।*
*तेरा तुझको अपर्ण*
*क्या लागे मेरा।।*

**सोमनाथ पंडित**
**वसई रोड**




श्री स्वामी गोविन्द क्रौल जी महाराज

Produced at Impressions, Vasai 401 202. Tel: (912) 339035

Copyrights © 2000-2010 *Kashmir News Network (KNN)* ( http://iKashmir.org )
*All Rights Reserved.*

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com